Having stated this point, I would like to go to the next point. In this country, there are about 3,00,82,000 unemployed people on the live registers. This is according to the 1981 census. But it is stated that about four crores would be unemployed on the live registers now. Even accepting the figure to be 4.5 crores or five crores, out of this, there will be 90,000 rural households. If you take urban areas also, there will be 1,00,19,000 households. Even if 40 per cent is accepted, 44 million households have to be provided with job. Therefore, that also works on the same model. The question is: What is the nature of this employment? In Andhra Pradesh, as per the figures given, the per capita allocation will be Rs. 34.96, according to the Nehru Rozgar Yojana. In Andhra Pradesh, there are 23 districts under this scheme and in these, the per capita allocation will be Rs. 28.45 in the place where minimum has to be spent and it will be Rs. 65.45 where it is the maximum. I would like to ask: What is the meaning of this per capita availability amount? Assuming that the per capita availability is Rs. 38, if a household consists of five people, multiply it by five. That is the amount available for the family in that area in that particular State. If this is the amount, what is the nature of the employment that is being created? Is it merely a wage employment opportunity that is being created or is it employment opportunity that is being created? You have to make a distinction. If you do not make a distinction, there will be problem because if it is only going to be wage employment creation, that means it has to be on a permanent basis and this amount will not be sufficient for wiping out the tears as it is claimed. But if it is production-oriented employment that is being created, it will be capable of self-generating further possibilities of employment. Therefore, that could be a different order. But, unfortunately, that is not the case. As it is being stated, on an average, one lakh of rupees will be allotted for each of the panchayats. Therefore, I say that there has been an unfortunate scaling down of the entire scheme. The earlier scheme, Jawaharlal Nehru Rozgar Yojana, was, in my view, slightly

[Prof. C. Lakshmanna]

better than the programme that has been now given as Jawahar Rozgar Yojana because they were to identify 120 districts in the country which are backward; that means backward among the backward. If you had attempted to bring about employment opportunities in those 120 districts and if you had gone progressively upwards, perhaps, things could have been slightly better. But unfortunately, as it has been rightly pointed out by many Members here, they remember the election year and suddenly they realise that unless each panchayat, unless each district, is assured of something, they will not be able to corner the votes which they very desperately need because they know their stock is very low today. Therefore, from that point of view, the type of employment that is being created will not be one which will really create conditions where the tears of the people will be wiped out. This programme should have taken into consideration a few factors in the rural areas. One is the widespread unemployment with regional variations and different levels of development in the country. That has not been taken into consideration. Secondly, there is a highly distributed pattern of resource base in the form of landholdings, productive assets and levels of technology adopted in villages. This is the second factor which has not been taken into consideration in formulating this scheme. If that had been done, the nature of the employment expected to be generated would have been a different thing and it would have been more productive. Then there are wide differences in the pattern of incomes, saving potential, investment capabilities, risk taking, anthropological potential, educational levels and access to knowledge of improved agricultural and industrial development potentials. This also has not been taken into consideration. In a programme which was aimed at generating employment in this country if they had taken these three important factors into consideration and the programme had been formulated on that basis, perhaps things would have been of a different order. But that has not been done because they are not interested in creating employment as such. They are only interesting in creating necessary conditions for sweeping the elections.

Now I come to another point. When the NREP and RLEGP programmes were under implementation, I had occasion to ask the then Minister of Human Resource Development and Health and Family Welfare: How are you going to have Operation Black Board successful? How are you going to have Primary Health Centres grow in the villages? At that time the Minister was holding a double charge. In reply to these and other subsequent questions the Minister said, our first charge of NREP and RLEGP will be school buildings and so on and so forth and Operation Black Board in the New Education Policy. Similarly he said our charge on NREP and RLEGP will be for construction PHC buildings. Now what is your programme? What is the sectoral allocation made other than scheme for roads and buildings?—I presume this includes building of schools and PHCs —Only 25 per cent for economically productive assets; social forestry schemes for SC/ST 15 per cent and so on so forth. I would like to ask at this stage. What is your priority? Is there a priority for bringing about universalisation of primary education which has been a charge on the part of the Government and the country? If that is the case, Operation Black Board and the New Education Policy could be implemented effectively with the assistance of NREP and RLEGP. But if their amount is reduced, are you going to tell me that to that extent universalisation of primary or secondary education in this country will be scaled down? Health care and medicare which you promised for all by 2000 AD will be scaled down. Will that not be scaled down? Otherwise, I would like to know how you

are going to meet those promises with the type of opportunities which you want to create about which I had spoken earlier. This is the next point.

Finally, I would like to ask another question. Either you are myopic or you do not take the realities into consideration, of what is happening in the entire country or you want to emphasise that Goebbelsian theory that if you repeat a lie too often, it will be accepted as the truth. This is with regard to the so-called 30 per cent reservation of employment opportunities for women. It is not the Union Government which has done it. But through this Jawahar Rozgar Yojana they want to take credit for it. There have been State Governments, there have been parties, who have stood by this principle and who have implemented the 30 per cent reservation of employment opportunities for women and who have also given other rights to women. Therefore, honesty demands that they should have said, 'We have taken this lesson from this or that State or from this or that party, who has already implemented this programme and we are beholden to it because the programme has been implemented. It is a good programme and therefore, we are making it a part of our own programme.' That should have been the truth. Instead of that, you are trying to tell the country at large that this programme, which has already been implemented on a substantive basis, is your programme and you are trying to claim it as your monopoly, as your programme, for the first time in this country. Therefore, I would like to ask the Minister whether it is a fact or not that a particular State is having the programme of providing thirty per cent reservation of jobs for women and, if that is the case, then why this programme has failed to recognise that. After all, the States and the Union have to work together. If a particular State has a good programme, the Centre has to recognise and appreciate it. Therefore, I would like to ask why you want to exclude even mentioning the name of that. Is it because you are afraid of the elections and you want to get election results out of that? Sir, I wanted to suggest a few things. But, for want of time, I could not do. But I would suggest that, firstly, they have to think in terms of priorities, priorities of employment, which could generate further possibilities of employment rather than absorbing more money. We had a housing programme earlier in several States of the country where fifteen hundred rupees or two thousand rupees were given and, ultimately, we did not see any house at all! On the other hand, there is a Government which has spent a little more and there are concrete houses. Similarly, you have to think of priorities. Secondly, this programme will not be successful unless you go in for small-scale industrial development, unless you go in for an educational system which emphasises and creates opportunities for the people to go through education to be self-employed and also to be creative in their own work and if these things are not done and if these aspects are not looked into, I am sure that this programme also will be one of those programmes which are now called "programmes that had been there" and nothing more. Thank you, Sir.

प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर (बिहार) : महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं, जो आपने मुझे इस पर बोलने का अवसर दिया।

उपसभाध्यक्ष (श्री आनन्द शर्मा) : 5-5 मिनट में आप अपनी बात कहने का प्रयास करें।

प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर : कांग्रेस पार्टी के सदस्यों को 10-10 मिनट का समय दिया गया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री आनन्द शर्मा) : मंत्री जी कह रहे हैं, आप बोलना शुरू करें।

प्रो० नरेश पी० ठाकुर : महोदय, मैं कह रहा था कि इस देश के महान सपूत की जन्म शताब्दी के अवसर पर इससे अच्छी बात और कोई नहीं हो सकती थी । इसमें हमने गरीबों की ओर ध्यान दिया है, गांवों की ओर ध्यान दिया है । बेरोजगारी की समस्या देश की बहुत गम्भीर समस्या है और इसकी गहनता बढ़ती जा रही है । जो योजना सामने आई है, जवाहर रोजगार योजना के नाम पर उसकी हमें सराहना करनी चाहिये और इसमें किसी राजनैतिक मतभेद की बात नहीं आनी चाहिये । कहा जा रहा है कि इसका चुनाव से संबंध है । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इसका संबंध है गरीबी हटाने से और ग्रामीण विकास के लिये धन मुहैया कर सही योजना प्रारम्भ करने से । इसका चुनाव से क्या संबंध हो सकता है । कहा जा रहा है कि यह कांग्रेस पार्टी का प्रस्ताव है, तो क्या कांग्रेस पार्टी का देश के उत्थान में कोई योगदान नहीं है, क्या उसका कोई उत्तरदायित्व नहीं है ? क्या उनको आगे बढ़ाने की कल्पना कांग्रेस पार्टी नहीं कर रही है ? फिर यह कहा जा रहा है कि इस योजना के माध्यम से राज्य सरकारों के अधिकारों का हनन होगा? क्या हनन होगा ? क्या इसका ज्ञान है कि 80 हजार या 1 लाख रुपया ग्राम पंचायतों को भेजा जा रहा है और उसमें भी जो स्टीन है, जो तरीके है, जो जरिया है, वह राज्य सरकार ही है । किस तरह से उनके अधिकारों पर कुठाराघात हो रहा है, यह बात मेरी समझ में नहीं आ रही है । यह मेरी समझ में नहीं आ रहा है । यह आवश्यक होगा कि इस योजना में तीन बातों की कल्पना की गई है और तीनों का समिश्रण किया गया है । एक तरफ स्थानीय योजना की कल्पना है, दूसरी तरफ समुचित साधन व्यवस्था हर जिले के आधार पर की गयी है और उस योजना के कार्यान्वयन के लिये सत्ता गांव के आधार पर विकेन्द्रित रूप में आये, इसकी भी कल्पना की गयी है इस तरह से इसकी जो ब्लेंडिंग की गयी है, वह बहुत इमेजिनेटिव है । सबसे पहली बार इस तरफ ध्यान गया है । मैं यह कहना चाहूंगा कि बेरोजगारी की समस्या के कई पहलू हैं । एक तरफ तो हम देख रहे हैं कि लोग वेज इम्पलायमेंट चाहते हैं, दूसरी तरफ हम यह देख रहे हैं कि ज्यादातर लोगों को कैजुअल इम्पलायमेंट मिल रहा है । आज जैसे कि देखा जा रहा है, सेल्फ इम्पलायमेंट की गंभीरता बढ़ती जा रही है । योजना के माध्यम से वेज इम्पलायमेंट को प्रोत्साहित किया जा रहा है । इससे जो संबंधित योजनायें हैं, उनको एकत्रित करके चाहे वह एन० आर०ई०पी० हो या आर०एल०ई०जी० पी० हो या ऐसी और कोई योजना हो इन चैनलों को एकत्रित करके इंटिग्रेट कर के उनको रिफार्म्ड बेसेज पर फिर से लाग किया जा रहा है। किसी योजना के पीछे सरकार की नीयत कितनी सही है, इस बात से प्रतीत होता है कि उसके लिये राशि कितनी उपलब्ध की जा रही है । तो 21 सौ करोड़ रुपये की राशि कम नहीं है । अभी प्रो० लक्ष्मन्ना जो बड़े विद्वान आदमी है उन्होंने कहा कि एक साल में आप कुछ नहीं कर सकते हैं । तो क्या एक ही साल तक यह 21 सौ करोड़ की योजना है. एक साल के बाद न तो सरकार बेरोजगारी की तरफ से उदासीन होगी। क्या गरीबी की समस्या की तरफ से उदासीन होगी न ग्रामीण विकास की समस्या की तरफ से उदासीन होगी । यह तो एक खुला कदम है और बहुत अच्छा तथा सोच समझ कर लिया गया कदम है और यह हर साल दिया जा रहा है । स्मरण रखने की बात यह है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना में तीन उद्देश्यों को ध्यान में रखा गया था. खाद्यान्न की उत्पादकता दूसरा आमतौर से उत्तरोत्तर उत्पादकता में विकास और तीसरा रोजगार में विकास । सातवी योजना का यह अन्तिम वर्ष है । इस वर्ष रोजगारी बढ़ाने की तरफ सरकार का ध्यान गया है । सरकार योजना बनाने के बीच अपने उत्तरदायित्व को समझती है और

उसके लिये अन्तिम वर्ष में रोजगार को ज्यादा महत्व देती जा रही है। यह बात सही है कि प्रो० लक्ष्मन्ना का कहना कि देश में गरीबी की गहनता में क्षेत्रीय विभिन्नता है, लेकिन उन्होंने इस योजना को अच्छी तरह से विचार नहीं किया है। अर्थशास्त्र से उनका संबंध बड़ा दूर का है क्योंकि धन का बंटवारा यदि गरीबी की गहनता के आधार होगा तो क्या परिणाम जो गरीबी की रेखा से लोगों को ऊपर उठाने का है या रोजगारी बढ़ाने का है, उसका क्षेत्रीय प्रभाव नहीं पड़ेगा ? मैं जानता हूं कि हिन्दी भाषी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में गरीबी बहुत ज्यादा है और हरित क्रान्ति से वंचित रहने के कारण इन इलाकों में गरीबी की गहनता बहुत ज्यादा है। वहां विकास के लिये साधन और सही योजनाओं की आवश्यकता है और जहां तक इस योजना के आधार पर धन का बटवारा गरीबी की गहनता के आधार पर होगा ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में जनजाति, वनजाति के लोगों को, महिलाओं को युवा वर्ग के लोगों को, जो बेरोजगारी से रोजगारी दे रहे है उनके हितों की रक्षा होगी। आंकड़ों से यह देखा जा रहा है कि गांवों में भूमिहीनों की संख्या बढ़ रही है। गांवों के लोग शहरों की ओर भाग रहे हैं और खेती करने वाले मजदूर जो बिना खेत के हैं उनकी संख्या भी बढ़ती जा रही है। तो ऐसी हालत में मुझे सोचना होगा, गरीबी गांवों में कैसे हटे, इसके लिये विपक्ष से यह विचार आये है कि योजना का चयन सही ढंग से होना चाहिए। अगर डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग की कल्पना जो हमारी है, वह सही ढग से चली तो योजना का चयन सही होगा और उसके क्रियान्वयन में अगर सरकार की सतर्कता रही क्योंकि राज्य सरकारों में सतर्कता समुचित रूप में नहीं रही है चाहे वह कांग्रेस की सरकार हों या गैर कांग्रेसी सरकारें हो इस बार परिकल्पना की गयी है लोगों के सामने खुले ढंग से उनकी सत्ता के आधार पर इन योजनाओं का क्रियान्वयन हो। तो आशावादी व्यक्ति चाहे वह इस पक्ष का हो या उस पक्ष का, यह जरूर सोचेगा कि उम्मीद की जा सकती है कि अब तक जो कुछ हुआ है चाहे वह डी. आर. डी. के जरिए हो या डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के जरिए या आर.एल.ई.जी.पी. या एन.आर.ई.पी. के जरिए हो या किसी और वालंटरी एजेंसी के जरिए हो, उससे बढ़कर हमारी इम्प्लायमेंट की पासिबिलिटी होगी। मैं समझता हूं कि इस सरकार की जो इसमें सतर्कता है वह सराहनीय है।

महानुभाव, अर्थशास्त्र में वितरण और विकास का द्वंद शाश्वत से चल आ रहा है लोग समझते हैं पहले विकास हो वितरण बाद में और जो आज गरीब है वह चाहता है कि वितरण हो। इसमें जो गरीबी हटाने का जरिया है रोजगार को बढ़ाना, वह एक ऐसा अस्त्र है जिससे विकास और वितरण का समन्वय हो सकता है। इस लिए जहां तक रोजगारी को बढ़ाने के साथ साथ गांवों का विकास और गरीबों के पुनरुद्धार की कल्पना सरकार द्वारा की गयी है वह एक ऐसा यंत्र है जिसकी सिफारिश बराबर अर्थशास्त्रियों ने की है लेकिन धन की कमी के कारण जितनी प्राथमिकता इसको दी जानी चाहिए थी वह नहीं दी जा सकी। लेकिन प्रधान मंत्री के नेतृत्व और पंडित जवाहर लाल नेहरू की जन्म शताब्दी की गम्भीरता को ध्यान में रखकर इस बार इसको ज्यादा प्राथमिकता दी गई है। 80 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक हर पंचायत को मिलेंगे और साल में 80 दिन से लेकर 100 दिन तक गेनफुल इम्प्लायमेंट देने की बात है, वेज इम्प्लायमेंट की बात है। यह आल्टरनेटिव है, इन एडीशन है, सेल्फ इम्प्लायमेंट से ऊपर उठकर है और इसमें देखा जायेगा कि और जो गरीबी हटाने की योजनाएं हैं उनसे इसका क्लैश न हो। इन फैक्ट अगर एन.आर.ई.पी. के जरिए स्कूल का पुनरुद्धार हो रहा था, सड़कें बन रही थी तो वे काम होते रहेंगे। लेकिन उनको ध्यान में रखकर योजना इस तरह की बननी चाहिए कि लोगों का इम्प्लायमेंट बढ़े और इसलिए इसमें सभी दलों के सहयोग की जरूरत है। इसको एक राजनैतिक विवाद का विषय नहीं बनाना चाहिए। जो लोग इस

[प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर]

देश में गरीबी का उत्थान चाहते हैं जो रोजगार विहीन युवकों का उत्थान चाहते हैं, जो महिलाओं का उत्थान चाहते हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों का उत्थान चाहते हैं जो पिछड़े वर्गों का उत्थान चाहते हैं उनके सामने कोई विकल्प नहीं है सिवाय इसके कि इस योजना का समर्थन करें। ऐसा देखा गया है कि जो भी योजनायें बनती हैं केन्द्रीय सरकार की किसी राज्य में जाकर उसका नाम बदल दिया जाता है और उससे जो आवंटित राशि होती है उसको डाइवर्ट कर दिया जाता है लीकेज होती है, मिसयूज होते हैं इनइफीशियंसी होती है, स्टार्ट अप में डिले होता है, लेकिन इन योजनाओं में सभी पहलूओं पर ध्यान रखा गया है। उम्मीद की जाती है कि जितना इस पर एडमिनिस्ट्रेटिव विजिलेंस रहेगा उस हिसाब से धन का जो डाइवर्शन होता है वह नहीं हो पायेगा और स्थानीय जनता की आवाज खुलकर आयेगी, उनके विचार उसमें आयेंगे और उनके कार्यान्वयन में उनका सीधा सहयोग मिलेगा। सरकार का यह आल्टरनेटिव नहीं है सरकार का एक सहयोगी काम है। आप कहते हैं पापुलर सपोर्ट चाहिए, जन समुदाय का सहयोग मिलना चाहिए योजनाओं के कार्यान्वयन में लेकिन पापुलर सपोर्ट का माध्यम क्या हो। अतः यह माध्यम पंचायत राज के जरिए सोचा जा रहा है।

लिप सर्विस हर जगह होती है चाहे वह आन्ध्र हो, कर्नाटक हो। कैसे सरकार ताकत ले ले इसकी चर्चा तो होती है लेकिन कैसे सरकार इन संस्थाओं का जनता के विकास के लिए उपयोग करे इसकी चर्चा नहीं होती है इसलिए टोकनिज्म, मैन्युवरिंग नहीं होनी चाहिए। खास तौर से एक आस्था के साथ अगर ग्राम पंचायतों का जिर्णोद्धार करते हैं, उनमें फिर से जान लाते हैं तो एक विकास का और विकेन्द्रित विकास का और डेमोक्रेटिक या प्रजातांत्रिक विकास का जो सिलसिला है वह बहुत तेजी से आगे बढ़ेगा और इसलिए सरकार ने अगर अपनी कल्पना में इन बातों को रखा है और इसके लिए एक अच्छी स्कीम बनाकर पार्लियामेंट के सामने प्राइम मिनिस्टर ने उस दिन रखी है तो इन उनकी सराहना करनी चाहिए।

मैं समझता हूं कि देश में बेरोजगारी की समस्या जटिल है वह बहुत दिनों से जटिल रही है लेकिन उसके लिए हम उसमें उलझें नहीं और हिम्मत के साथ नहीं उलझें तो यह हमारी कायरता होगी

3.00 P.M.

हमारी योजना में विचार अच्छे रहे, लेकिन उनका जो कार्यान्वियन है, उसमें कमी रही है। इसीलिए बैकलाग आफ अनइम्प्लायमेंट जो है वह प्लेन अफ्टर प्लेन बढ़ता गया है और खास करके हमारा जो लैबल पापुलेशन का है, वह यंग है। उसमें जो रोजी-रोटी खोजने वाले ऐसे लोग होते हैं, चाहे वह युवक हो, युवती हो, उनकी प्रधानता है।

इसलिए उनकी बेरोजगारी से समाज में अराजकता आएगी, उनकी जो उत्पादन शक्ति है उसका प्रयोग नहीं हो पा रहा है। इससे राजनीतिक असंतुलन आ रहा है और क्षेत्रीयवाद बढ़ रहा है। इन सब बातों को ध्यान में रख कर इस योजना की जो अच्छी बातें हैं, उनको सभी पक्षों का सहयोग मिलना चाहिए। मैं इतना ही चाहूंगा कि जो मंत्रालय है, चाहे वह डाइरेक्टली यहां से करे, या स्टेट गवर्नमेंट के सहयोग से करे या जिला प्रशासन के सहयोग से करे, सतर्कता बरतने की योजनायें जल्दी बनें और सही ढंग से बनें और उनके कार्यान्वियन में एक सतर्कता बनी रहनी चाहिए ताकि लोगों में आस्था होगी, इस तरह की स्कीम को और प्रश्रय मिले और उनका सहयोग भी मिलता रहे।

माननीय, बातें तो बहुत कहनी थीं लेकिन मैं जानता हूं कि आपने मेरे लिए कुछ उदारता बरती है, इसलिए मैं उसका दुरुपयोग नहीं करूंगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं चाहूंगा कि हिंदुस्तान का गरीब, हिन्दुस्तान का बेरोजगार नवयुवक, नवयुवती, हिंदुस्तान ग्रामीण और हिन्दुस्तान के पिछड़े जाति के लोग, चाहे वह वन जाति के हों य

जन-जाति के हों, या पिछड़े क्षेत्र के, वह सब प्रधान मंत्री के और इस सरकार के आभारी होंगे ।

SHRI RAMESHWAR THAKUR (Bihar): Mr. Vice-Chairman, Sir...

श्री चतुरानन मिश्र : (बिहार) : इधर भी बोलने का मौक़ा दीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री आनन्द शर्मा) : जब वहां बोलने वाले बहुत ज्यादा होते हैं और यहां के एक दो व्यक्ति रह गये हैं, तो दो वहां से बुला कर फिर एक यहां से बुलायेंगे ।

श्री चतुरानन मिश्र : ऐसा क्यों किया जाता है ?

उपसभाध्यक्ष (श्री आनन्द शर्मा) : यह इसलिए कि दोनों तरफ से सदस्य बोलते रहें, वरना बाद में एक तरफ से ही रहेगा ।

SHRI RAMESHWAR THAKUR (Bihar): Sir, Jawahar Rozgar Yojana is one of the most important programmes initiated during the centenary year of Pandit Jawaharlal Nehru, the founder of our Planning in India. If we see the Report of the Planning Commission, right from the beginning when the National Planning Commission was headed by Pandit Jawaharlal Nehru, right from the First Plan up to the Seventh Plan, special importance has been given in the objectives and priorities and programmes to the removal of poverty and the problem of unemployment. We have succeeded from the First Plan to the Sixth Plan in a number of measures, and the number of people who were more than 50 per cent below the poverty line have been brought down to 37 per cent by the end of the Sixth Plan, and the target is to bring down them further to 26 per cent by the end of the Seventh Plan. Now, as we are all aware, in any successful planning, it is not the material involvement alone but the financial outlay is also important. Even in terms of financial outlay, we know the present Government under the dynamic leadership of Shri Rajiv Gandhiji has made much more Plan outlay, the Seventh Plan outlay is much more than the combined outlay from First to the Sixth Plans. But the important factor is the involvement of the people. Any success of the Planning depends on the involvement of the people. This is one of the programmes where there will be the direct involvement of the people in the implementation of the programme which was earlier considered not very effective under the earlier programmes and even under the existing programmes.

Sir, we are all aware that presently about 44 million families are below the poverty line, and some of them do not get for a long time any work in rural areas, particularly in the tribal belts and other areas. And they are in great difficulty, and the productivity is very less. This is not a programme which is brought about on the eve of the election or the last year of this Plan. There are on-going schemes and projects, as we are all aware. The thrust for the removal of poverty was given during the time of Smt. Indira Gandhi, and so also was the case with the 20-Point Programme. If we see the schemes like NREP, RLEGP, etc. about 700 million mandays are being provided every year and under the IRDP about 3 to 4 million families below the poverty line are being assisted every year concurrently. So far as the current provision is concerned about Rs. 1600 crores are provided for NREP and RLEGP and about Rs. 700 crores for IRDP. This povision we have got from the current schemes. In addition we have got Rs. 1200 crores from the banks to assist in the IRDP programmes. The question is that there are certain shortcomings which are to be removed and this has to be achieved under the new scheme Jawahar Rozgar Yojana. We know that in the

[Shri Rameshwar Thakur]

last eight years we have been able to cover only about 55 per cent of the rural areas and villages. And if we take into account the spending pattern, it will be seen that there has been high spending on non-productive items, including buildings, about 48 per cent. Now, the special feature of this programme is that funds will be first released directly to the districts. Secondly, the districts will release about 80 per cent of the funds to gram panchayats and mandal panchayats and the larger share will be spent on productive assets and creation of productive assets and administrative expenditure will be brought down as low as possible. Administrative expenditure will be only of the order of about 5 per cent and expenditure on maintenance will be of the order of 10 per cent and on the Indira Gandhi Avas Yojana a provision of 6 per cent has been allotted. A major portion will go for economic items. On the major productive items there will be an expenditure of 35 per cent and on the economy productive items and other items there will be an expenditure of 25 per cent. As I said before, there will be an expenditure of 25 per cent on economically productive assets, social forestry 25 per cent and 15 per cent will be for individual beneficiaries, i.e., for schemes for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes and 15 per cent on other schemes like buildings and roads. Therefore, we have to see the target groups—this is important—and these will be the labourers,, those who are below the poverty line but are willing to work and among them preference will be given to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. And then we will have about 30 per cent of the employment potential reserved for women and preference will be given to them. All these important aspects have been taken note of. Such a massive programme is there. But it is very unfortunate that some Members are trying to see that they are political schemes and programmes meant for election stunt and on on. I think we should not decry such programmes which are meant to benefit the poorest of the poor. Mahatma Gandhi during the freedom struggle and thereafter said that we should try to help the poorest of the poor, who are being covered by this scheme. We should try to fulfil those obligations under the scheme.

Now, Sir, I have a few suggestions to make which I consider important so as to make these programmes successful. The first thing is about the details of the scheme and the guidelines. These should be drawn as early as possible. Some guidelines have been circulated to Members, broad guidelines. They are very good. I think immediate exercise should be done in the Ministry to work out the details of the schemes and the detailed guidelines should be drawn up so that there may not be any confusion at the lower level or at the panchayat level or the district level. And these guidelines and schemes should be distributed to each and every district with a panchayat in the local language also as far as possible, within a period of say two or three weeks, if possible, maximum four weeks, so that the people may know what are these schemes. We should not take months and months because otherwise the whole purpose would be lost. We have already lost one and a half months of the year for this current year's programme. So, I would say that by 15th June itself, the guidelines should be issued. And out of 80 per cent of the funds to be given by the Centre, at least one-third should be released before 30th June and this money should reach the districts before 30th June so that work could be started forthwith in case some districts are ready earlier to start this work.

Probably there is some confusion about 20 per cent share of the States. The total scheme will be of the order of more than Rs. 2500 crores, and the amount of Rs. 2100 crores will be the Central contribution and 20 per cent

will be contributed by the States. As you know, in case of some schemes, the ratio is 50:50, but here the State has to contribute only 20 per cent and the Centre will contribute 80 per cent. I am saying in totality; we can discuss the details.

My next suggestion is that work should start even where the State Government is not able to give 20 per cent. Because I feel if a State is not able to contribute its share of 20 per cent, work should not be held up and it should start with the one-third amount that we release before 30th June, as suggested by me. The work should start in all the districts so that we go according to our plan. Target groups should be identified immediately.

Other suggestion is that no deviation should be allowed in the norms, the broad norms that we have formulated as announced by the Prime Minister. We should ensure that there is no deviation so far as these basic norms are concerned, particularly with regard to the target groups, the people living below poverty line, the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. This aspect should be looked into by the implementing agencies.

Another important aspect is the involvement of the beneficiaries, because it will succeed only if we have the involvement of panchayat people and other beneficiaries in implementing the programme. Only then we will be able to achieve our goal and produce results. There should be proper implementation support from the local authorities. For instance in a block we have agicultural people, we have irrigation engineers and overseers and if there is a rural irrigation scheme, it has to be implemented out of these funds and in that case this technical assistance should be readily available to Panchayat people. We need not waste time to get approvals for these personnel; they should be available on the spot so that the scheme is properly implemented immediately.

There should be a monitoring cell at the District level, State level and also Central level. It is very necessary for such a laudable scheme meant for the benefit of the poorest of the poor. We must have effective monitoring system at all levels. We must try to achieve our goal in letter and spirit because this is a scheme which has been so well placed by our hon. Prime Minister and this would be the first scheme giving decentralised panchayati raj, decentralisation of economic and political power to people. This scheme has to be implemented in true spirit, without any distinction and all political parties, workers, social workers should take it as a challenge—a challenge which has to be accepted and the scheme implemented by all concerned for the benefit of the poorest of the poor for which this Jawahar Rozgar Yojana has been launched.

With these words, I wish all success to this new scheme.

उपसभाध्यक्ष (श्री आनन्द शर्मा) श्री चतुरानन मिश्र :

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) : महोदय, मुझको जाना है, यदि . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री आनन्द शर्मा) : अगर मिश्र जी इन्हें समय देन चाहें, इनके बाद बोलन चाहे ?

श्री राम अवधेश सिंह : मैं कम टाइम लूंगा, मुझे जाना है।

श्री चतुरानन मिश्र : जो आप चाहें, कर दें इसमें कौनसी बड़ी बात है।

उपसभाध्यक्ष (श्री आनन्द शर्मा) : राम अवधेश जी, कुल पांच मिनिट है।

श्री राम अवधेश सिंह : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे पहले समय दे दिय और मिश्र जी को भी धन्यवाद देता हूं कि आपने अपन समय दे दिया।

[श्री राम अवधेश सिंह]

मान्यवर, चुनाव के साल में यह जवाहर रोजगार योजना के पीछे भारत की अबोध, गरीब, भूखी और दुखी जनता को भ्रमित करने की है इसकी ऐसी मंशा नहीं है कि सचमुच में इस योजना के जरिए रोजगार दिया जाए प्रधान मंत्री जी का सपना चाहे सही भी हो, लेकिन मैं उन्हीं के शब्दों में कहना चाहता हूं, वह बराबर कहते रहते हैं कि एक रुपया खर्च करने पर 15 पैसे ही जनता तक पहुंचते हैं और 85 पैसा नीचे से ऊपर तक बैठे सत्ता के दलाल खा जाते हैं तो यह 21 सौ करोड़ की जवाहर रोजगार योजना गरीबों, हरिजन-आदिवासियों को रोजगार देने के नाम पर बनी है उसमें 30 फीसदी शेड्यूल्ड कास्ट शेड्यूल्ड ट्राइब्स महिलाओं और श्रमजीवी महिलाओं को रोजगार देने के लिए योजना है। लेकिन इसमें मुझे भारी शक है। यह शक, शक ही नहीं है बल्कि सच्चाई है जिसे प्रधान मंत्री जी ने स्वीकार किया है कि सौ रुपये में से 15 रुपये गांव तक पहुंचते हैं। इस तरह मुझे लगता है कि जब तक उसे सही ढंग से कार्यान्वित करने की और उन रुपयों को ग्रामीणों तक पहुंचाने की योजना नहीं बनती और सत्ता के दलाल जो बीच में पैसा खा जाते हैं उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की जाती यह योजना बेकार हो जायेगी इस चुनाव के साल में जो सत्ता के दलाल हैं वह कांग्रेस को वोट दिलवाने के लिए काम करेंगे।... (**समय की घंटी**) ... यह घंटी मत बजाइए। अपने पांच मिनिट का समय है।

उपसभाध्यक्ष (श्री आनन्द शर्मा) : यह आपकी सुविधा के लिए है क्योंकि आपको प्रेस कांफरेंस में जाना है। आपने खुद कहा है।

श्री राम अवधेश सिंह : मान्यवर, जैसा कि अभी ठाकुर साहब कह रहे थे। हमारे देहात में एक किस्सा है कि एक पंडित जी थे। उनके रास्ते में एक नदी पड़ती थी। उन्होंने उस नदी को नाप और औसत निकाला कि उसकी ऊंचाई तीन फीट है। दरअसल वह कहीं पांच फीट और कहीं आठ फुट थी। लेकिन उन्होंने उस सब का औसत निकालकर कह दिया कि तीन फीट है। उनका लड़का था साढ़े तीन फीट। उन्होंने लड़के को कहा कि पार कर आओ। औसत तीन फीट है, तुम नहीं डूबोगे। लड़का चल गया और डूब गया तो यह एक कहावत है, "लेखा जोखा खाए लड़का डूब काहे"। जब डूब गया तो पंडित जी का माथा चकराया कि हमने तो सही हिसाब निकाला था लड़के की ऊंचाई साढ़े तीन फीट है और औसतन पानी की गहराई तीन फीट है। तो वह डूबा कैसे? फिर यह डूबा कैसे? तो वही पंडित जी का जो गणित है, वही श्री रामेश्वर ठाकुर जी का गणित है और उस गणित पर इन्होंने ऐसा बता दिया कि 30 प्रतिशत महिलाओं का और मानिटरिंग सिस्टम और यह सब करके 15 फीसदी बेनिफिशयरी... (**व्यवधान**)

श्री रामेश्वर ठाकुर : आप मानेंगे कि मैं चार्टर्ड एकाउंटेंट हूं, इसमें तो आपको कोई दुविधा नहीं है। सारा दिन कन्यूजन में ही रहेंगे तो कैसे होगा। जरा मस्तिष्क को साफ करके योजना को समझिए... (**व्यवधान**)

श्री राम अवधेश सिंह : आपके गणित पर मैं प्रतिवाद नहीं करता हूं। आपका हिसाब ठीक है, जैसे पण्डित जी का औसतन हिसाब ठीक था, लेकिन उस हिसाब को जो लूटने वाले लोग हैं, जिसको आपके प्रधान मंत्री जी ने भी स्वीकार किया है कि 100 रुपये में से 15 रुपया पहुंचता है, उसके बारे में क्या योजना है? उसको आप कैसे रोकेंगे? ... (**व्यवधान**)

कृषि मंत्री (श्री भजन लाल) : रोकेंगे, जरूर रोकेंगे।... (**व्यवधान**)

श्री राम अवधेश सिंह : 100 रुपये का 100 रुपया, (**समय की घंटी**) अगर 100 नहीं पहुंचे तो 80 तो पहुंचे, 75 तो पहुंचे, लेकिन यहां 85 उड़ जाता है, सत्ता के दलाल खा जाते हैं और 15 पहुंचता है, इसको कैसे रोकेंगे? इसके बारे में अगर जवाहर रोजगार योजना में

कोई बात हो और उसको आप देश के सामने लाएं और गारंटी दें कि सचमुच में इसमें लूट नहीं होगी जैसे पंचवर्षीय योजनाओं की राशि लूटी जाती है। एन० आर० इ० पी० और कई अन्य रूरल इंटिग्रेटिड स्कीम हैं, उन सबमें जैसे लूट होती है, इसमें क्या गारंटी है कि लूट नहीं होगी ? लूट होगी और लूटवाएंगे कांग्रेस की ओर से, शासक दल की ओर से ताकि अगले चुनाव में, आप की ओर से कर्जा बांटा गया, पुजारी जी यहां हैं, धूमधाम कर्जा बांटा गया कर्नाटक में और चारों तरफ से पैसा बांटा गया, लूटा दिया गया बैंक का पैसा और वह इसलिए किया गया ताकि कांग्रेस पार्टी को कर्जा बांटने का लाभ मिले और आप जानते हैं कि उसमें से जितना कर्जा बांटा गया है, कर्ज मेला लगाकर, उसमें से 70–80 फीसदी पैसा लौटने वाला नहीं है **(समय की घंटी)** फिर भी आपने किया और आप यह जो देश की जनता का 21 सौ करोड़ रुपया जवाहर योजना के नाम पर छिट रहे हैं, इसका दुरुपयोग करेंगे। आप। अभी तो आप कह रहे हैं कि नहीं करेंगे, साधुवाद है, लेकिन यह होने वाला नहीं है। इसलिए मैं सोचता हूं कि यह योजना सपने में, डिजाइन में, ठीक लगते हुए भी व्यवहार में बिल्कुल उल्टी पड़ेगी और देश की जनता का धन भी व्यय होगा। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ANAND SHARMA): Intervention by Shri Janardhan Poojari.

श्री भजन लाल : अभी जवाब देंगे। धीरज रखिए। बैठिए हाऊस में अभी। ... **(व्यवधान)**

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI JANARDHAN POOJARI): Hon. Members from both the sides have contributed to the debate. The points raised by the hon. Members will be answered in detail by the hon. Minister for Agriculture. I heard with rapt attention some of the points raised by the hon. Members from the Opposition.

It is a programme, and it is a necessity. I do not think that anybody will dispute it. It is a massive investment for employment generation for people living below the poverty line, particularly for the people who do not have sufficient food, who do not have sufficient shelter and who do not have sufficient clothes. For them, it is the desire of the House, desire of Parliament and also the nation that we must have a programme which will lift them above the poverty line. The hon. Prime Minister declared a war against poverty. He came before Parliament on 28th April giving reasons and also the necessity for the programme. The nation accepted his argument and programme.

Sir, I will deal with two points only raised by Shri Ashis Sen from West Bengal. I am not going to touch other points because my senior Minister will answer other points raised by the hon. Members. Shri Ashis Sen said it is an election stunt. He said that we are giving the funds directly to the districts bypassing the States with ulterior motive and with mischief. He also said that we must implement the land reforms first. He said the West Bengal Government has implemented it very effectively and the other States should follow suit. These are the two main points raised by Mr. Sen.

Now coming to the point whether it is an election stunt. I would like to say that we have been given a mandate for five years. The Congress Government under the leadership of Prime Minister Rajiv Gandhi has to rule the country for five years. There are so many problems before the country and we have to show the growth not only in the agricultural sector but in the industrial and other sectors as well. The country is aware of the fact that there has been a pattern of growth in every sector and the major problems—economic problems—are solved one by one and the programme is given to the

[Shri Janardhan Poojari]

nation one by one year after year to solve the economic issues. Now, this is not a new programme as claimed by the hon. Members. What is your thinking? In some of the States the Opposition parties are ruling. They are not giving any new scheme to the people. They think if they give a new scheme on the fifth or fourth year, it will be an election stunt. That is why I think they are not giving any programme to the nation. The Prime Minister has given a programme. He has given not only this programme, but so many other programmes which are being implemented. Now, who are the beneficiaries? Is there any State in the country where only Congress people alone are there? Eighty crores of people are there. Now, in the States ruled by the Opposition parties Panchayats are there. They have asked why are we giving funds directly to them. The desire of the Parliament Members and the nation is that the programme should be implemented. There should not be any corruption and there should not be misuse of funds. And you are saying inside the House that the Central Government should take States into confidence. What are the Steps that the Central Government and the Prime Minister has been taking? So many questions like that have been put. You ask what we have been doing and for what purpose we have been doing. Let us take the NREP and RLEGP. I will first deal with your own States. You say your performance has been very good. Let us see whether we are doing any crime to anybody or we want to make an improvement and bring inefficiency. Take, for instance, Andhra Pradesh. Now, Andhra Pradesh, under RLEGP, in the year 1985-86, the total amount made available was Rs. 63,47,30,000 and the utilised amount was Rs. 50.37 crores. What happened to the remaining amount? Why it has not been utilised?

Now, I will come to West Bengal. The total amount made available was Rs. 54.19 crores and the amount spent was Rs. 21 crores. What is the percentage of utilisation? It is 39.37 What is your performance rank? I is 21st rank out of 31 States and Union Territories. I will not sto here. In 1986-87 under RLEGP, An dhra Pradesh was given Rs. 74.5(crores and the utilised amount wa Rs. 70.80 crores. What is your per formance rank? It is 22nd rank ou of 31 States and Union Territories In the case of West Bengal, the tota amount made available was Rs. 71.7 crores. They spent only Rs. 46.3 crores. Not only that, even some o the Congress States performance wa also not happy. You do not want t implement RLEGP and NREP. If yo go to the actual performance they are not crossing Rs. 75--80 crores We have to keep there itself. Wh this is happening? We are giving th amount to the State Governments. O the 1st of April every year, we re lease the amount. By this time w have released Rs. 600 crores unde Jawahar Rozgar Yojana. The detail ed guidelines have been issued. Nc only that, Rs. 610 crores have a ready been distributed. Earlier wha we used to do? On the 1st of Apri beginning of the financial year th amount used to go to the State Gov ernments. What the State Goverr ments used to do? Instead of makin it available to your own Panchayat: you used to utilise that amou for your ways and mean Sometimes it took 4—6 month to reach the Panchayats, the distri level administrations. Mr. Sen, th is the performance. This is what wa happening. You wanted to curb th delay. You wanted to have more effi ciency in distributing the funds. Nov this is what the Prime Minister ha done. He has stated that we will cu tail the delay. To whom the amou is reaching? It is reaching the Par chayat? Where is that Panchaya Is it in Pakistan? Is it China? It is in your own State, We Bengal. It is in your own State, Ka nataka. It is in your own State, Ar dhra Pradesh. It is in your own Stat

Madhya Pradesh. We want the money to be utilised for whom? It is to be utilised for your own people. The money is given directly. The amount is given to your own Panchayats and Mandals and without delay and they have to utilise and then the performance will be better. You say: "Don't do that?" We have not taken away anything from you. We have not centralised this power. You do not want any efficiency. You say that we bypassed the State Governments. Assuming for argument's sake that we are bypassing the State Governments, as claimed by you, I would say that bypass surgery has to be done when the heart is not functioning. Let us not criticise each and every action of the Government. Let us not oppose for the sake of opposition. For the sake of opposing you are doing it. I want to tell you that I have attended a Panchayati Raj sammelan and your own people from your States have said: "We want more money."

We want more money. We want more powers. The States are not giving us the same. So please give the same to us directly." Now, if you say that we do not require the Panchayati Raj system and if you say, we want dovolution of funds, I tell you, your own people will revolt against you. I am telling you it is the reality. What our Prime Minister has done is right. There was a clear vision. There was a clarity of views. The direction is very clear, that is to help the people at the grass-root level. This is decentralization. He has turned the dream of Mahatma Gandhi into reality. That is what has happened and if you say to the nation be careful, the nation is watching and you do not want decentralization, then in actual terms, you do not want to face the reality and your own people will teach you a lesson at the right moment. That is why, let us not harp on that. Please accept that. In spite of condemning the Prime Minister, congratulate the Prime Minister for doing that. Then only the nation will appreciate it.

Coming to the land reforms, what is the basic objective of the land reforms?... (*Interruptions*)... I have heard you. I did not interrupt anybody. (*Interruptions*). Sir, the State of West Bengal brought 13 lakh sharecroppers and tenants on records. What is the basic objective of land reforms? To give land to the tiller. Then there will be effective implementation. Now, the hon. Opposition leader from Karnataka, Mr. Gurupadaswamy is here. In Karnataka when the Congress Government was there, they had given ownership to the tillers. In my district alone, lakhs of people have been given ownership. Tenants have been given ownership. I would like to know from you whether a single acre has been given on ownership basis in West Bengal to tenants. I am just telling you. (*Interruptions*). I am looking after the department. (*Interruptions*)...

[The Vice-Chairman (Shri Jagesh Desai) in the Chair.]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): You can correct him. You will get a chance.

SHRI JANARDHAN POOJARI: I am bringing to the notice of this august House that they have to give 25 per cent of the total to the landlords. The tenancy is perpetuating and in the next elections, if we are having some commitment, if we say tomorrow that 13 lakh people in West Bengal will be given land ownership you will see the result. Now, I am just telling you the implementation of land reforms has completely failed in West Bengal and they have not been able to give even a single acre of land to the tillers. (*Interruptions*).... Let the share-croppers of West Bengal know this and I submit, Sir, this is the position in respect of land reforms in West Bengal. The other points will be answered by my senior colleague.

श्री चतुरानन मिश्र : उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर कोई प्रावधान होता कि सबसे ज्यादा जगलरी कौन कर सकता है पार्लियामेंट के अंदर तो पुजारी जी को जरूर परितोषिक मिलता । गवर्नमेंट की एक नहीं, अनेकों रिपोर्ट हैं और प्लानिंग

[श्री चतुरानन मिश्र]

कमीशन का मूल्यांकन है कि वेस्ट बंगाल और केरल में सबसे ज्यादा लैंड रिफार्म हुआ है। लेकिन आप कहते हैं कि बिल्कुल नहीं हुआ इसलिये हमको लगता है कि जगलरी करने के लिये आप इनको अवश्य इनाम दें।...(व्यवधान)... वे चले जा रहे हैं...

श्री भजन लाल : मैं बैठा हूं।

श्री चतुरानन मिश्र : अगर आप बैठे हैं तो जवाब दीजिये। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आल राउंड प्रोग्रेस हुई है इंडिया की। हम एशिया के उन देशों की भारत से तुलना करें तो जो देश हमसे भी पीछे थे वे आपके राज की अवधि में हमसे आगे चले गये। छोटे से छोटे राज्य, चीन जैसा बड़ा देश तो आगे चला ही गया और आज वह वीरियल के प्रोडक्शन में फर्स्ट कर गया है और आप दावा करते हैं कि हमने आल राउंड प्रोग्रेस की है। कोरिया आपसे आगे चला गया, हांगकांग आपसे ज्यादा चला गया, ताइवान आपसे ज्यादा आगे चला गया, सिंगापुर कहीं आगे चला गया और आप अपनी पीठ थपथपा रहे हैं और कह रहे हैं कि हमने आल राउंड प्रोग्रेस की है।

दूसरी बात कही इन्होंने पावर्टी के बारे में कि इसके विरुद्ध हमने वार डैक्लेयर किया। पावर्टी के क्या कारण हैं। पावर्टी का पहला कारण यह है कि एक्सप्लाइटेशन हो रहा है। इस देश में जो मोनोपली हाउसेज हैं, जो बड़े बड़े पूंजीपति हैं वे आम जनता का शोषण करते हैं। अगर आप सेसेंश उठाकर देखें तो आपको पता चलेगा कि जो गरीब किसान थे दस वर्षों के अंदर उनमें से एक मिलियन आदमी लेंडलैस हो जाते हैं, खेत मजदूर हो जाते हैं। ये आंकड़े हैं जिनको आपको देखना चाहिये तब आपको पता चलेगा कि वास्तविकता क्या है। अगर आपको पावर्टी पर वार डेक्लेयर करनी है तो इस प्रोसेस को आपको रोकना चाहिये।

अब मैं जवाहर रोजगार योजना पर आता हूं। इसमें 500 करोड़ रूपया ज्यादा दिया गया है। यह बड़ी खुशी की बात है। मैं इससे नाराज नहीं हूं। अच्छा है आप दीजिये। लेकिन जो शक प्रकट किया जा रहा है और विपक्षी पार्टियां जो संदेह प्रकट कर रही हैं वह मैं आपको बताना चाहता हूं। कांग्रेस शासित राज्यों में पिछले 5-7 वर्षों, पिछले 10 वर्षों से भी पंचायत के चुनाव नहीं हुए और उन्हीं के हाथ में यह रुपया चला जायेगा ये लोग, अभी माननीय मंत्री जी ने कहा कि लीकेज हर जगह होती है और इसे आप भी उपसभाध्यक्ष महोदय, जानते हैं। हम यह नहीं कहते हैं कि बंगाल में लीकेज नहीं होती है और दूसरे राज्यों में होती है, इसमें मेरा विश्वास नहीं है। लेकिन आपके शासित राज्यों में 10 वर्षों से चुनाव नहीं हुए हैं और उनके हाथ में इस इलेक्शन इयर में जाकर सारा रुपया दे देंगे तो इसका क्या मतलब है। यह चोरी के अलावा और कोई दूसरी बात नहीं है। आप चुनाव कराकर जैसा कि आपका प्रोग्राम है उसको उनको दीजिये और फिर जो लीकेज होगी वह आपकी भी होगी और हमारी भी होगी और सब मिलकर इसको देखेंगे।

एक और बात है जिसके बारे में मैं आपसे कहूंगा। महोदय, आप महाराष्ट्र से आते हैं। महाराष्ट्र में इम्प्लाइमेंट गारंटी स्कीम है। यह जवाहर रोजगार योजना उससे बुरी है क्योंकि इसमें आपने सबके रोजगार की गारंटी नहीं की है। तीन किस्म के लोग हमारे यहां अनइम्पलाइड हैं। पहले जमीन में काम करने वाले लोग हैं, मिट्टी में काम करने वाले मजदूर हैं। दूसरे में शिक्षित युवक है और तीसरी में महिलायें हैं। महिलायें शिक्षित भी हैं और अशिक्षित भी हैं जो कि सारा काम नहीं कर सकती हैं। इस योजना में सिर्फ मिट्टी काटने वालों के लिये गारंटी दी गई है, रूपया देकर गारंटी। अगर महाराष्ट्र की तरह आप इसे गारन्टी नियोजन स्कीम में ले आते और सारे देश के लिये कानून बना देते जैसा कि महा-

राष्ट्र गवर्नमेंट ने किया है कि गारंटेड इम्पलाइमेंट होगा तो हम समझते कि यह अच्छा हो रहा है । इसलिये आपकी यह जो स्कीम है यह महाराष्ट्र गवर्नमेंट से भी खराब है । यह किसी की गारंटी नहीं करती है न संविधान में इस तरह की कोई नियोजन की गारन्टी है और न केन्द्रीय सरकार ने ऐसा कानून बनाने की बात की है । यदि कानून बनाकर इसको करते तो अच्छी बात होगी ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): But in the statement, there is a promise. At least one... (*Interruptions*).

SHRI CHATURANAN MISHRA: Mr. Vice-Chairman, we have promises from socialism to heaven in this country. As you are aware, for the last forty years we have been giving one or other promise. For a promise nobody can take you to court. Nobody can do anything. You know what a promise is. And in the election year, you give more promises than in any other year. That too you know very well. Now, coming to the point...

इसलिए हमको लगता है कि बेरोजगारी की जो गम्भीर समस्या है उसको सरकार नहीं समझती है । यह तो समझा कर भी नहीं समझती है । जो आदमी अज्ञानी होता है उसको समझा दें तो समझ जाता है लेकिन यह सरकार तो कनशियस डेविल है । क्यों हम ऐसा कर रहे हैं इन्हें बेरोजगारी की समस्या का ... (**व्यवधान**)

श्री भजन लाल : आप तो शरीफ आदमी हैं, काबिल आदमी हैं आपसे यह उम्मीद नहीं है ।

श्री चतुरानन मिश्र : अच्छा मैं इसको वापिस ले लेता हूं । मैं यह कहता हूं कि ज्ञान पानी है तब तो आपको कोई एतराज नहीं होगा (**व्यवधान**) मैं किसी को व्यक्तिगत नहीं कह रहा हूं । (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : यह व्यक्तिगत कहने वाले नहीं हैं ।

श्री चतुरानन मिश्र : जहां सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं हैं इनकी रिपोर्ट के मुताबिक एक हेक्टेयर जमीन में 70 श्रम दिवसों को रोजगार पैदा होता है और जब लैंड इरीगेटेड हो जाती है तो 120 दिन तक रोजगार प्राप्त होता है । अगर हमारी लैंड इरीगेटेड हो जाए तो इस तरह से परमानेंट जीविका का साधन पैदा होगा । जवाहर रोजगार योजना में आप रुपया देंगे उससे कुछ दिन के लिए रोजगार मिलेगा । इसलिए हम यह कह रहे हैं कि इकोनोमी ऐसी होनी चाहिये जिससे जाब जेनरेट करे । मंत्री महोदय को याद होगा हमारे राज्य से (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : एक साल के लिए यह नहीं है, यह एवरी ईयर होगी ।

श्री चतुरानन मिश्र : एवरी ईयर की बात है, हमको यह नहीं मालूम है कि आगे यह रुपया बढ़ेगा या घटेगा एवरी ईयर आप दे देंगे तब भी जो इकोनोमी को जेनरेट करके होगा वह इन पैसों के जरिये से नहीं होगा । मैं यह कहना चाहता था कि बिहार से लाखों मजदूर प्रति वर्ष हरियाणा और पंजाब आते हैं वहां काम करने के लिए आते हैं क्योंकि वहां इरीगेटेड लैंड है जो बिहार में नहीं इसलिए मैं उसी का जिक्र कर रहा था कि इकोनोमी में जाब जेनरेट करने की कोशिश होनी चाहिये । यह बीटिंग अबाउट दी बुश नहीं होना चाहिये । हमारे कहने का मतलब है कि ग्रामीण इकानामी, कृषि, फल, सब्जी, दूध, मांस आदि के उत्पादन में वृद्धि से रूरल अनइम्प्लायमेंट दूर करनी चाहिये । दूसरी बात जो हम कहना चाहते थे वह यह है कि देश के अन्दर जैसा कि कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि विघटनवाद का तत्व बढ़ रहा है बेरोजगारी के जरिए या खेत मजदूर तो नहीं कर रहे हैं । यह जो विघटनवाद है एजुकेटेड अनइम्प्लायड लोग कर रहे हैं । उनके लिए आपके यहां रोजगार का

[श्री चतुरानन मिश्र]

कोई प्रावधान नहीं है । अगर इसमें यह भी स्कीम होती पांच वर्ष या 10 वर्ष के अन्दर हमारे देश के अन्दर जितने भी निरक्षर हैं उनको साक्षर बनाने के लिए तमाम एजुकेटेड अनइम्प्लायड लोगों को हम जगा देंगे तो बहुत बड़ी बात होगी । भारत विश्व में सबसे ज्यादा अनपढ़ों का देश है और अगली शताब्दी में 21वीं शताब्दी में होने जा रहा है । यह हमारे लिए कलंक है । इसलिए अगर आप चाहते थे कि जवाहर लाल नेहरू के नाम पर योजना हो तो पहला काम यह करना चाहिये था कि शिक्षित बेरोजगारों को काम देने की कोई व्यवस्था होनी चाहिये । उसी तरह से मिट्टी काटने के लिए महिलाओं को आप 30 प्रतिशत आरक्षण देंगे । उनको तो सौ प्रतिशत आरक्षण है । वहां कोई कम्पीटीशन है ? अगर आप रोजगार देना ही चाहते हैं तो ऐसे कामों में दीजिये जिसमें मिडल क्लास...

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : यह आपने कैसे मान लिया कि यह वही काम करेंगी ?

श्री चतुरानन मिश्र : आप तो जानते हैं कि क्या काम है बिल्डिंग बनाने का काम है, सिंचाई का काम है सब कुछ उनमें दिया हुआ है एकाध काम को छोड़ कर । अगर आप कहें मिट्टी काटने का नहीं तो ईंट ढोने का काम है हमारी महिलाएं इस काम को भी करती हैं, हर छत पर मकान बनाने के लिए महिलाएं ईंटें ढोती हैं । यह तो पहले से ही उनके लिए आरक्षित है । दूसरी बात यह प्रश्न उठा कि सभी पार्टियों को सहयोग देना चाहिये इसमें कोई दो राय नहीं हैं लेकिन शासक पार्टी तो बुरा सहयोग नहीं चाहती है । अगर शासक पार्टी सहयोग चाहती तो इस योजना में विभिन्न रहता हर एक स्तर पर नहीं यह स्कीम इम्प्लीमेंट होती सभी मान्यता प्राप्त दलों की एक संयुक्त कमेटी रहेगी, पर्यवेक्षण कमेटी रहेंगी जो इसकी देखभाल करेगी । इसको न करके आप सिर्फ अपनी पार्टी को रखेंगे इसलिये यह शक आप पर जाहिर किया जा रहा है कि आप फण्ड का इलेक्शन ईयर में दुरुपयोग करेंगे । न आपने अपने कांग्रेसशासित प्रदेशों में पंचायतों का चुनाव करवाया और जहां विरोध पक्ष की राज्य सरकारें हैं **(व्यवधान)**

श्री वीर भद्र प्रताप सिंह : (उत्तर प्रदेश) : यू० पी० में हुआ है ।

श्री चतुरानन मिश्र : एक जगह हुआ ज्यादातर स्टेट्स में तो नहीं हुआ है ।

मंत्री महोदय जब जवाब दें तो मेरे प्रश्न का उत्तर वे बता दें कि कांग्रेस रूल्ड स्टेट्स में कहां कहां समय पर इलेक्शन हुआ हो । कांग्रेस पार्टी का चुनाव तो हो ही नहीं पाया । 17-18 वर्ष से नहीं हो पाया है । यह पार्टी चुनाव कहां करवा सकती है और वह भी निष्पक्ष चुनाव । पहले अपने कांग्रेस प्रेजीडेंट का चुनाव करवा लीजिए फिर जानेंगे कि पंचायत संस्थाओं का चुनाव करवायेंगे । आप अपनी पार्टी का चुनाव करवा ही नहीं सकते हैं... **(व्यवधान)**...नेता बदलने की बात दूसरी है, नेता का चुनाव भी तो करवा लें बहिन जी । आपके यहां कभी चुनाव नहीं हुआ, जन्म से नहीं हुआ... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : नो क्वाश टाक्स... **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : फिर चुनाव की बात करना चाहते हैं... **(व्यवधान)**

श्री चतुरानन मिश्र : यही एक जनवादी व्यक्ति की बात निकलकर आई कि चुनाव कराने की क्या जरूरत है... **(व्यवधान)** यानी इनका बस चले... **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया : यह बताने के लिए कि घर का गार्जियन कौन है, चुनाव कराने की जरूरत है । ... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : अगर आप बोलेंगे तो आपके बोलने का समय कम हो जायेगा... **(व्यवधान)**

श्री चतुरानन मिश्र : इसके पहले जितने कांग्रेस प्रेजीडेंट चुने गये थे... **(व्यवधान)** क्या सब के सब बेवकूफ थे ? इनके हिसाब से डा० राजेन्द्र प्रसाद... **(व्यवधान)** या जितने चुनाव करवा कर अध्यक्ष हुए थे सब बेवकूफ थे ।... **(व्यवधान)** वे घर के गार्जियन नहीं थे ?... **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया : उस टाइम कुछ बेवकूफों की जमात थी जो आज अपोजीशन के लीडर बने हुए हैं... **(व्यवधान)**

श्री चतुरानन मिश्र : आप अक्लमंदों की पार्टी में हैं जो कभी अपनी पार्टी का चुनाव नहीं करवायेंगे... **(व्यवधान)** अगर राजीव गांधी को यह बात मालूम हो जाये... **(व्यवधान)** आप अगर सबसे बेहतर पार्टी के हैं और इसका लक्षण है कि 18 वर्ष से एक बार भी चुनाव न हो तो यह आपको ही मुबारक हो हम लोग इसको नहीं अपना सकते... **(व्यवधान)** मेरा चार्ज यही है कि जो अपनी पार्टी का चुनाव निष्पक्ष ढंग से नहीं करा सकते, जो अपनी पार्टी की बोगस मेम्बरशिप को नहीं रोक सकते, वे पंचायतों का निष्पक्ष चुनाव भी नहीं करवा सकते और हमारे माननीय सरदार साहब भी जहां से आते हैं वहां से बूथ कैप्चरिंग करके आया जाता है । इसलिए इसमें भी सबसे ज्यादा इन्हें ही क्रेडिट मिलेगा ।

मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा । अन-इम्प्लायमेंट का सवाल बहुत ही गम्भीर सवाल है। इसको राष्ट्रीय सवाल समझकर सरकार को चाहिए कि इसमें संशोधन करे अगर सभी पार्टियों का सहयोग चाहते हैं। पंचायतों का चुनाव आप आगे करने जा रहे हैं लेकिन फण्ड पहले ही बढ़ाने जा रहे हैं। इसीलिए मैंने यह कहा है। यह आप पर हम लोगों का चार्ज है।

दूसरी बात शिक्षित बेरोजगार और महिलाओं के लिए है तथा महिलाओं में भी दो किस्म की एक जो मिडिल क्लास की महिलायें हैं शायद उनकी बात का महत्व नहीं हो सकता लेकिन उनकी हालत अत्यधिक खराब है और दूसरा मैं कहूं क्योंकि मुझे जाने का मौका मिलता है, जो तलाकशुदा और परित्यक्ता लेडीज हैं वे तो अत्यधिक तकलीफ में हैं । हम उनके लिए क्या बतायें कि उनके जीवन का क्या हाल है । इसलिए सरकार अगर चाहती है इस योजना को चलाना तो समुचित ढंग से चलाये और सभी पार्टियों की बैठक बुलाये कि हम इस योजना को निष्पक्ष ढंग से करेंगे । फिर हम लोगों को किसी कुत्ते ने नहीं काटा है कि हम सहयोग न करें । हम लोग करने के लिए तैयार हैं लेकिन आप निष्पक्ष करना ही नहीं चाहते हैं और तब हमें यही कहना पड़ेगा । इन्हीं शब्दों के साथ मैं चाहता हूं कि सरकार इन बातों पर ध्यान दे।

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : महोदय, इस ऐतिहासिक अधिक कार्यक्रम पर बोलने से पहले मैं पूरे भारत की गरीब और बेरोजगार जनता को हार्दिक बधाई देना चाहती हूं जो कि इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे ।

राष्ट्रनिर्माता जवाहर लाल नेहरू की जन्म शताब्दी वर्ष में जवाहर रोजगार योजना का शुभारंभ एक ऐतिहासिक क्रांतिकारी कदम है । देश की 80 करोड़ जनता का एक बहुत बड़ा भाग बेरोजगारी के कलंक से जूझ रहा है । बेरोजगारी और गरीबी दोनों एक दूसरे के पर्याय हैं । देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी है यानी गुणात्मक रूप से देश की आबादी जितनी बढ़ी है जनसंख्या के इस बढ़े हुए दबाव के कारण देश का विकास उस गति से नहीं हो सका; जिस रूप में हमारे नेताओं पं० जवाहरलाल नेहरू राष्ट्र मां इंदिराजी, लाल बहादुर शास्त्री एवं हमारे वर्तमान प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी के अब तक के निरंतर प्रयास रहे हैं । जवाहर रोजगार योजना हमारे राष्ट्र गौरव युवा प्रधान मंत्री की योग्यता तथा सूझबूझ का प्रतीक है और समय की भी पुकार है । गरीबी हटाओ का सार्थक प्रयास है, केवल नारा नहीं है ।

[श्रीमती सत्या वहिन]

इतनी बड़ी श्रम शक्ति को रोजगार देना निश्चित रूप से एक चुनौती भरा कार्य है। किन्तु जिस रूप में प्रधान मंत्री जी कार्यक्रम बना कर इस योजना को लागू करने जा रहे हैं, यह सराहनीय है। 2100 करोड़ रुपये की यह योजना देश भर में गरीबी रेखा से नीचे जीवन निर्वाह करने वाले 40 लाख परिवारों के लिए रोजगारी की गारंटी सिद्ध होगी। इसमें 30 प्रतिशत रोजगार ग्रामों में रहने वाली गरीब महिलाओं के लिए होंगे। यह एक विशेष बात है। गरीब परवर प्रधान मंत्री बधाई के पात्र हैं। उनकी योग्यता और ईमानदार चिंतन की जितनी भी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है क्योंकि उनका गांव की गरीब महिलाओं की तरफ भी बराबर का ध्यान गया है।

हर गरीब परिवार के कम से कम एक सदस्य को 50 से 100 मानक दिवस प्रति वर्ष कम से कम रोजगार की गारंटी दी है। इस योजना द्वारा, मान्यवर, गांव तक शीघ्र न्याय और लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से और पंचायत स्तर तक प्रत्येक पंचायत को रोजगार के साधन उपलब्ध कराने हेतु 80 हजार से एक लाख रुपये देने का प्रावधान किया है। इस योजना के द्वारा गांव तक शीघ्र न्याय और साधन मिलेगा बिना विलंब किये हुए और वह पंचायतें अपने विवेक से उसका सदुपयोग करेंगी।

यह देश की आर्थिक विषमता दूर करने की दिशा में एक समाजवादी कदम है। इस योजना के कार्यान्वयन में सभी राष्ट्र भक्तों को ईमानदारी से सहयोग और समर्थन करना चाहिए बिना किसी राजनैतिक देश या स्वार्थ के। यह हम सब का राष्ट्रीय कर्तव्य है। यह हम, आप कोई भी हो और यह तो जनता के कल्याण की योजना है, जिसके प्रति सभी दल वचनबद्ध हैं।

इस योजना की खातिर प्रशासन पर होने वाले अपव्यय और फिजूलखर्ची पर भी अंकुश लगाने की आशा की जाती है। जवाहर रोजगार योजना के रूप में एक और राष्ट्र निर्माता पं० जवाहरलाल नेहरू के प्रति इससे बड़ी श्रद्धांजली कोई हो नहीं सकती है। दूसरी ओर लाखों अंधेरे परिवारों में आशा का दीप जलेगा और कुंठित बेरोजगारों को आत्म-निर्भर बनाने की दिशा में राष्ट्रव्यापी व्यापक कार्य शुरू किया जा सकेगा।

समाज का सब से गरीब पिछड़ा और शोषित तबका इससे लाभान्वित होगा और बेरोजगारों, बेसहारा महिलाओं में जीवन के प्रति निश्चित रूप से आत्म विश्वास पैदा हो सकेगा और राष्ट्र के विकास में गांव स्तर के लोग भी बराबर के भागीदार होंगे। उनमें व्यापक राष्ट्रीय चिंतन की भावना जाग्रत होगी, समाज में आर्थिक असमानता कम होगी, तो अपराध भी कम होंगे, असंतोष कम होगा।

इसके कार्यान्वित करने में जो व्यक्ति व संस्थायें जिम्मेदार होंगी, उनमें ईमान और समर्पण की भावना जागृत होगी, तभी उसके सुफल समाज को मिल सकेंगे।

इस योजना को राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि हमारे माननीय विपक्षी सदस्य हर अच्छे से अच्छे कार्यक्रम को भी राजनैतिक दृष्टिकोण से देखने के आदी हैं। मैं उनसे विनम्रतापूर्वक आग्रह करती हूं कि वह इसके लागू करने में ईमानदार दृष्टिकोण अपनायें क्योंकि इससे समूचे समाज को लाभ होगा, किसी दल या व्यक्ति को नहीं। इस लिए विपक्ष को स्वयं भी भ्रमित नहीं होना चाहिए, और न ही जनता को भ्रमित करना चाहिए।

माननीय प्रधान मंत्री जी से मुझे यह भी आशा और पूरा विश्वास है कि वह आगे भी ऐसे दीर्घकालीन कार्यक्रम बनाकर लागू करेंगे जिससे कि हमारे देश की सम्पूर्ण श्रमशक्ति, जनशक्ति का सदुपयोग हो सके, बल्कि कोई परिवार या कोई व्यक्ति रोजगार की दृष्टि से मुहताज

नहीं रह सकेगा और गांव के वे नौजवान जो रोजगार के अभाव में शहरों के लिए गांव छोड़कर भाग रहे हैं, उन्हें गांव में ही रोजगार और जीवन की अच्छी सुख-सुविधायें प्राप्त होंगी तो गांव खुशहाल होंगे, यदि गांव खुशहाल होंगे तो देश खुशहाल होगा जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना है और यही राम राज्य होगा व यही सच्चा स्वराज देश में होगा।

मैं इस कार्यक्रम की सफलता की कामना करती हूं ताकि देश में बहुत सी विकृतियां दूर हो सकेंगी मैं अंत में प्रधान मंत्री जी को हार्दिक अभिनंदन इस सदन के माध्यम से देश की महिलाओं और गरीब शोषितों, बेरोजगारों की ओर से करती हूं जो इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे। धन्यवाद।

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया : उपसभाध्यक्ष जी, मैं 28 अप्रैल, 1989 को प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी द्वारा अनाऊंस की हुई जवाहर रोजगार योजना के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। जैसा कि हमारे पूर्ववक्ताओं ने इसके विवरण पर काफी प्रकाश डाला है, मैं उधर को न जाता हुआ छोटे से मुद्दे उठाता हूं कि बेरोजगारी की समस्या हर घर में है, हर गांव में है, हर शहर में है और हर जिले में है।

4 P. M.

अगर हम इम्पलायमेंट एक्सचेंज का हिसाब देखें, तो कंट्री में 841 इम्पलायमेंट एक्सचेंज हैं। जो कि शहरों में स्थित हैं और जिनमें उन पढ़े-लिखे बेकारों के नाम लिखे हुए हैं जिनके पास कुछ डिग्रियां हैं या कुछ आई०टी०आई० के सर्टीफिकेट्स हैं, पर गरीब किसान या गरीब खेत मजदूर जिसके पास कोई एम्पलायमेंट एक्सचेंज का कार्ड नहीं है, जो अपना कार्ड कहीं नहीं बनाता है और उसके कार्ड का रिन्यूअल कहीं नहीं होता है। गांव के ठेकेदार कभी उन्हें पंजाब ले जाते हैं, कभी उन्हें हरियाणा ले जाते हैं, कभी उन्हें राजस्थान ले जाते हैं तो कभी आसाम ले जाते हैं और कभी कुछ नए सपने संजोकर विदेश ले जाते हैं। इन सारी चीजों को रोकने के लिए राजीव गांधी जी ने जो पहल की है इस नेहरू रोजगार योजना के माध्यम से कि खेत मजदूर को उसी के घर में रहकर उसी गांव में उसको रोजगार मिल सके, उसे अपने परिवार से बिछुड़ना न पड़े और वहां अपनी रोजी-रोटी कमा सके। अपने पेट में दो रोटी डालने के लिए वह परदेश जाता है और विदेश जाता है। इन सारी चीजों को रोककर वह अपने गांव में काम पर सके और अपने परिवार के साथ रहकर रोटी खा सके उसका बंदोबस्त करने के लिए राजीव गांधी ने इसकी पहल की है। हमारे पूर्व कुछ वक्ताओं ने कहा कि इसमें प्रायरिटी फिक्स करने की जरूरत है और जब तक लैंड रिफार्म्ज नहीं होते हैं तब तक इस योजना को कोई सफलता नहीं मिलेगी। बोलते-बोलते बड़े गर्व से उन्होंने कहा मार्क्सवादी बंधुओं ने कि उनके इलाके बंगाल में बहुत लैंड रिफार्म्स पर काम हुआ है, मैं उनको याद दिलाने के लिए इतिहास की याद दिलाना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल में लैंड रिफार्म्स करने वाला वह शख्स था जो खुद जमींदार था रूलर था और विमल सिंह जी जो लैंड रिफार्म मिनिस्टर हुए पहली बार बी०सी० राय के टाइम में और उसने पहला लैंड रिफार्म एक्ट बंगाल में पास किया। विधान चन्द्र राय की अध्यक्षता में फिर दूसरा लैंड रिफार्म्स एक्टस पास हुआ और तीसरी बार कांग्रेस के ही चीफ मिनिस्टर प्रफुल्ल सेन ने वहां पर पास किया और चौथी बार सिद्धार्थ शंकर राय के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में लैंड रिफार्म एक्ट पास हुआ। मैं आपको बताना चाहता हूं आज तक बंगाल के इतिहास में सिद्धार्थ शंकर राय के टाइम में जितनी जमीनों का आवंटन किया गया था भूमिहीन लोगों को आज तक उतनी जमीनें नहीं बांटी गई। कभी-कभी मार्क्सवादी बंधु या पश्चिम बंगाल की राजसत्ता संभालने वाली पार्टी बहुत प्रचार करती है कि बंगाल में उन्होंने जमीनें बांटी हैं, जो कि झूठ है, फरेब है, लोगों के साथ धोखा है। उन्होंने जमीनें बांटी नहीं, उन्होंने वहां पर लोगों को सिर्फ जो खेती करते हैं

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया]

उनको क्राप-शेयर देने का अधिकार दिया है, जमीनें नहीं दी और दूसरी तरफ जमीदारों और जोतदारों को यह कहा कि भाई आप कचहरी में जाकर केस कर दो और यह सब-जुडिस हो जाएगा, हम आपकी जमीन नहीं छीनने वाले हैं। दूसरी तरफ खेत में काम करने वाले मजदूर को सिर्फ उसका हिस्सा मिलता है, जमीन पर दखल नहीं मिलता। इतना ही नहीं, सिद्धार्थ शंकर राय के टाइम में जब उन्होंने 75 बीघा से 45 बीघा की सीलिंग की थी वह आज तक बरकरार है और उसके ऊपर जो वहां पट्टे दिलवाये थे भूमिहीन लोगों को वह जमीन छीनकर भी लोगों को बेदखल किया है और आज वह बड़े फख्र से लोगों को कहते हैं उनको जिनको कि बंगाल का इतिहास न मालूम हो, उनके लिए यह बहुत अच्छी चीज है कि बंगाल में बहुत कुछ हो रहा है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि वहां जमीन बांटी नहीं गई है, अगर ऐसे लैंड रिफार्म्ज चाहिए हिन्दुस्तान में तो शायद मैं कहता हूं एक हिन्दुस्तानी के नाते कि ऐसा लैंड रिफार्म हमें नहीं चाहिए, हमें लैंड रिफार्म वह चाहिए जो बाकई जमीन का दखल भूमिहीन आदमी को मिल सके, हमें ऐसा लैंड रिफार्म चाहिए। हमें ऐसा लैंड रिफार्म चाहिए जहां कि गांव के आदमी को बाहर न जाना पड़े और आदमी को अपनी जमीन से बेदखल होकर कर्जदार न बनना पड़े, वैसा लैंड रिफार्म चाहिए और वैसे लैंड रिफार्म का सपना हमने देखा है। सिर्फ बंगाल की बात नहीं है, ऐसा ही त्रिपुरा में हुआ है, ऐसा ही केरल में हुआ है, उनके पास वैसा कोई जवाब नहीं है कि वह प्रमाण कर सकें इसको कि हम लोगों ने जमीन बांटी है। दूसरी बात आती है ...

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देशाई) : यह लास्ट प्वायंट होगा।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : दूसरी बात आती है कि अभी कुछ लोग लौजिक दे रहे थे कि आर०एल०ई०जी०पी० और एन०आर०ई०पी० का पैसा मर्ज करके इसमें डाल दिया है। अगर मेथेमेटिक्स के हिसाब से देखा जाय तो मर्ज किया है और अगर इसको जरा सोशल डेवलपमेंट के हिसाब से देखा जाये या रूरल डेवलपमेंट के हिसाब से देखा जाये तो यह दूसरी तरफ गया है। यहां मुद्दा यह नहीं है, बल्कि मुद्दा यह है कि जवाहर रोजगार योजना का पैसा सीधा जिलों को जाएगा। बस यही तकलीफ है क्योंकि दिल्ली से जो पैसा चलता था, उसका 80 परसेंट खा लिया जाता था रास्ते में ही, और 20 परसेंट से कम पैसा जो है वहां यूटिलाइज होता था। अब जब राजीव गांधी जी ने यह फैसला किया कि यह पैसा सीधा जिलों में जाएगा तो उसमें बहुत सारे बिचौलियों को तकलीफ है और उन बिचौलियों में बहुत सारी विपक्ष की पार्टियां हैं, जिनके हाथ में राज्य सरकारें हैं। मेरा उनसे सिर्फ यही प्रश्न है, आपके माध्यम से, कि अगर वह इस योजना को पसंद नहीं करते है तो सीधे कह दें कि 20 प्रतिशत हम नहीं देंगे, जो डिमांड है इस योजना की, तो 80 प्रतिशत खुद नहीं आएगा। जब तक वह 20 प्रतिशत नहीं डालेंगे तो 80 प्रतिशत नहीं आएगा। या फिर यह डिफाई करें कि यह योजना पसंद ही नहीं है। यह योजना पसंद क्यों नहीं है? इसके पीछे दो कारण हैं। एक कारण यह है कि इस कण्ट्री के, माडर्न इंडिया के फाउन्डर फादर का नाम इससे जुड़ा हुआ है और उस नाम से इन्हें एलर्जी है, दूसरी उससे एलर्जी यह है कि इस पैसे का दुरुपयोग वह नहीं कर सकेंगे, उस पैसे को सही जगह न लगाकर अपनी जेब में नहीं डाल सकेंगे और जब खुद पाकेट में पैसा नहीं जाता तो इसका विरोध करते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से गुजारिश करूंगा कि इस योजना को लागू करने के पहले कम से कम रूरल इंडिया में पहले आइडेंटीफाई करें कि कितने बेकार हैं? यह फिगर ठीक है 4 करोड़ जो आपने दी है, मैं मानता हूं। लेकिन आज भी जब रूरल इंडिया में आपका एंपलायमेंट एक्सचेंज नहीं है तो यह फिर आप कहां से लाए? आपने एक असेसमेंट किया हुआ है और उसके हिसाब से आप कह रहे हैं। मैं कहता हूं कि रूरल इंडिया में अन-

स्किलड लेबर का एक एम्पलायमेंट एक्सचेंज होना जरूरी है ताकि उसको सही पैसा मिल सके, जवाहर रोजगार योजना का पैसा बाहर न जा सके, इसको वहां रोका जा सके। इसके साथ-साथ मैं यह गुजारिश करूंगा कि मार्क्सवादी पद्धति में लैंड रिफार्मेशन की बात न सोची जाय, अगर सोचनी ही है तो यह सोची जाय कि जो जमीन-हीन है, अगर उसके नाम से पट्टा लिखा जाता है तो उसको जमीन मिलनी ही चाहिए और अगर जमीन मिल जाती है तो वह उसके बेदखल न हो, इसका बन्दोबस्त करना चाहिए। यही जवाहर रोजगार योजना की सही सफलता होगी। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Thank you very much for your discipline. You did not exceed seven minutes.

PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, the interest that the scheme has generated would be evident from the attendance in the House while the discussion on this issue has been continuing. And I am sure it would be accepted by the Treasury Benches that the Opposition compares favourably well in attendance. This is so far as the enthusiasm generated by this scheme is concerned. That is another point.

Sir, the day the Prime Minister made this statement, that is, on the 28th of April, the House had the Prime Minister in its grip, not for any other purpose but for having clarifications on different aspects of this programme. That day, as you know, Sir, through the intervention of Shri Atal Bihari Vajpayee for a fuller discussion, we did forego our right to seek clarifications from the Prime Minister. This scheme, we should suppose, is a brain-child of the Prime Minister. At least, that is what we are understanding from what the ruling party Members, by and large, have been speaking. In that case, his presence and clarifications from him might have dispelled or might have deepened the doubts. That I would like to place on record that so far as this scheme is concerned, without meaning any disrespect to the Ministers present, that the way it has been projected it would have been mete and proper for the Prime Minister to be present. So far as this scheme is concerned, I am bound to say that such a generalistic approach that has been taken in this is rather amazing. My previous speaker, Hon. Mr. Ahluwalia, was referring to actual enumeration of the unemployed in the countryside. Why only countryside, even in urban areas also employment exchanges do not provide facilities or do not provide encouragement to get oneself enrolled because live registers become livelier and the unemployed gets employment by fits and starts. Therefore there is hardly any encouragement for enlisting oneself with the employment exchanges. Here the number of families has been given. So many families are there, more than 40 million in the countryside. And at least to one of them—it is not an assurance—it has been said we expect that at least one unemployed person in each family would receive works from 50 to 100 days. Now, the question is what is really employment? What is the way to combat unemployment? Fortytwo years after Independence the TRGR scheme, if it is substituted for employment programme, it must be said that we have not progressed very far. I do not mind if the scheme has been formulated with an eye on the elections. Everyone of us will fight elections. But what is really the substance of this scheme? One thing is that it is misleading. Rupees twentyone hundred crores are not to be really invested. Rupees fifteen hundred crores or sixteen hundred crores out of it are included in various poverty elleviating schemes already in existence such an NREP, RLEGP and such other schemes. We have no assessment before us what impact on employment did these programmes have. It is not a question of not fully utilising the funds placed at the disposal of a particular State. But the

[Prof. Sourendra Bhattacharjee]

broader question is what impact really all these schemes did make and what greater impact can this scheme, which is really an amalgam of all these schemes with additional doses, make? Is it enough to fight the demon of unemployment which is stalking this country, the demon of poverty? A member from that side stated that in Bihar persons below the poverty line are most numerous. The real picture is that practically throughout the country, the number of persons below poverty line is enormous. What are the indications thereof in the countryside? The rural people engaged in work on land do not have work round the year, not to speak of work round the year but they have work at the most for one-fourth or one-third part of the year, and while doing this work, the wages they get are not the minimum wages prescribed by law, but a pittance in many places. At the same time you will see that nothing has been said regarding the minimum wages to be received by those who do this work. We know it is nowhere nearer the minimum wages under the NREP or under the RLEGP, and when the Central Government and the State Governments together implementing the schemes do not ensure minimum wages to the workers, how can others be forced to pay these minimum wages. At the same time, the work that will be done in this phased manner cannot generate any asset unless and until, as was suggested by Shri Jagesh Desai, we specify the works to be undertaken under this scheme. But that is not being done and a programme like this is put forward to say that a village having 3—4000 people will get Rs. 80,000 to Rs. one lakh for the year. You just work it out and see how much it comes to per head. It comes to Rs. 25 or Rs. 20 per head, depending upon the total amount, whether it is Rs. 80,000 or Rs. one lakh that is given. What type of work they will do is not mentioned, and what will the people do for rest of the time, 265 days in the year, has not been stated. It is not a blueprint nor it is proposed to give a blueprint of the project, and we do not regard it as a very well-formulated scheme to solve the problem of unemployment, and I would emphasise and re-emphasise on this aspect that this scheme would not do. Thank you.

SHRI SHANKARRAO NARAYANRAO DESHMUKH: Mr. Vice-Chairman, Sir, I will not go into the details of this Jawahar Rozgar Yojna but will broadly touch some of the points raised by the opposition.

It is a fact, and everyday we experience, that the Government has to change its policy according to the change of the circumstances and the society. The first objection raised by the opposition is that it is an election stunt. Sir, I would like to bring to the notice of the House very humbly that right from 1951, when the first Constitutional amendment was passed, efforts were made to solve the problem of the unemployed, of the tenants, of the agriculturists, particularly in the villages. That is why the first amendment to the Constitution was brought forward by the late Pandit Jawaharlal Nehru. Again, as the circumstances demanded, through the Forty-second Amendment, in 1976, the late Prime Minister, Indiraji, introduced three or four amendments to the Directive Principles. One was in regard to equal justice and free legal aid, under article 39A. Another was article 43A in regard to participation of workers in management of industries. Articles 48A was introduced in regard to protection and improvement of environment and safeguarding of forests and wild life. And clause (f) in article 39 was substituted which was in regard to opportunities and facilities for children.

All these attempts show that the Government was trying, right from 1951 till the present day, to solve the problems of the poor people. Therefore, the present scheme, the Jawahar Rozgar Yojana, is in con-

formity with the Constitution and the Directive Principles and it is not at all an election stunt that has come all of a sudden on the scene.

Secondly, I would like to draw your attention to the position regarding exploitation. The Prime Minister, in this statement made in the House on the 28th April, 1989, has clearly said:

> "Thus far, too large a proportion of funds for such programmes has gone to contractors and intermediaries. There have also been other leakages. Besides, there is scope for economizing on the costs of administration."

This is a clear indication that exploitation is there. Who were exploiting? The intermediaries, the contractors and some people in the administration also. Therefore, by taking this to the village panchayat level, where the control will be circumscribed, there will be no scope at all for exploitation and, if at all, there is any scope, it will be only to a very very small extent. The village panchayats are being given the powers so that the people would know who are exploiting, whether those in the administration or the contractors or the intermediaries. The intention behind giving the jurisdiction to the village panchayats is to remove the exploiters from the scene. This is a great effort being made by the Government to remove exploitation and corruption.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please conclude.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI YANRAO DESHMUKH: I am concluding. Thirdly, funds would be given to the Collector and the village panchayats according to the financial rules of the Ministry of Finance. When the funds go to the Collector and the village panchayats, naturally, they would be responsible. Therefore, there will be no intermediaries. There will be less opportunity for anybody to interfere with the distribution of funds.

Why has the village panchayat been selected as the unit? It is not because that this is Jawahar Rozgar Yojana. It was the policy of the late Mahatma. In the village panchayat, in the circumscribed area, everybody knows who are unemployed, who are without land. Therefore, it will be very easy to locate the people in the various segments so that the money will be employed for the purpose intended. I am concluding.

Now the only thing is control. The control will be with the district officers whether they are the irrigation officers or the PWD engineers or the district planning officers. All those people will be having control over these village panchayats. So, regarding control, there would be no difficulty. The only difficulty is I think, about maintenance. It is common knowledge.....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Don't go to a new point now.

SHRI SHANKARRAO NARAYANRAO DESHMUKH: One minute. Unless there are funds for maintenance out of the funds allotted, say, 25 per cent, at least, for maintenance, it will be very difficult to have results.

Lastly, there is the question of semi-urban areas which may be on the verge of the urban areas. That thing the Government will have to take into consideration. Otherwise, some people will be benefited, and some other people will be put to disadvantage.

With this, I conclude, Sir. Thank you.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (Punjab): Mr. Vice-Chairman, Sir, the launching of the Jawahar Rozgar Yojana is a determined endeavour on the part of the Government to step up its attack against poverty. The additional allocation of a substantial amount, as much as Rs. 500 crores, for this purpose is indeed laudable. This has surprised many of our friends on the other side, and we hear an orchestrated opposition to the scheme. They know it very well that it is a realistic plan to fight

[Shri Pawan Kumar Bansal]

systematically the scourge of unemployment in our country, but they are sparing no effort to play it down for political reasons.

Sir, Shri Ish Duttji scoffed at the scheme, and so did Prof. Sourendra Bhattacharjee when they said that provision of employment for 50 days or 100 days would be just meaningless. Sir, this betrays their total lack of comprehension of the gravity of the problem that besets the country at the moment. Sir, equating this scheme with grant of some *bakshish* is only ridiculing the beneficiaries. While they are being helped to fight object poverty, they would also be contributing to the national endeavour to create certain assets for the community. Sir, you also made a reference to it when you were speaking. I am sure that when the details of the scheme are worked out, funds would be provided for raising various structures like roads, schools etc., which would be forthcoming in addition to the amount which goes as wages to the people for whom this scheme is intended. I want to make it very clear here, particularly for the benefit of Shri Ish Dutt who is not present at the moment, that this scheme does not provide for a dole, like what was promised by the Lok Dal Government in Haryana, and then the promise was not kept.

Sir, this scheme provides for a strategy to help the disadvantaged, the poorest of the poor, to overcome poverty with a sense of dignity.

Prof. Lakshmanna got quite confused about the figures. I just want to tell him that there is indeed a substantial hike in the share of the Central Government. As I see it from the allocations for the NREP, the RLEGP etc., which we have been getting, there will be no increase whatever in the amount which the State Governments would have to pay. And if we were to go by the past experience, there is no check also on them. I want a check like that. But at the moment we do not find a check on them against diversion of these funds for other purposes. From a pamphlet which I have I see that Rs. 2,100 crore is the allocation by the Centre only and an additional 20 per cent amount has to be provided by the States. We don't know whether they really do it or not, but the track record of some of the States unfortunately is to the contrary. The government does not claim this scheme is a magic wand for eliminating poverty. The Prime Minister has himself said—and quite modestly—that for the present we are doing as much as our resources permit and that our aim is to alleviate some of the hardships which the targeted poor families face. In this context a reference to making the land reforms etc. as a pre-condition for this, I suppose, would not be relevant and would be only diverting our attention from the real issue and would land us in something like the chicken and egg situation. This scheme is definitely a resolute step by the Government to eliminate poverty. It reflects the Government's determination to provide a job to at least one member in 440 lakh rural families this year. This deserves approbation and not condemnation. The involvement of over two lakh Panchayats in this endeavour should have been hailed and not assailed if our friends on the other side stand for true democracy. The fight against diversion of funds and for the elimination of contractors and intermediaries also calls for extension of full cooperation.

Mr. Chaturanan Mishra referred to certain categories of people. In a different context I would say that there are three types of people in the world. One, who move themselves forward and make others also move along like the engine of a train. The other, who do not move on their own, but do move if pulled or pushed like the bogies of a train. And the third, who neither move on their own, nor let other move. They are like brakes of an engine. Unfortunately, the Op-

position today falls under that category. If they really mean the good of the country, it is high time....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Not Chaturanan Mishra.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: ... it is high time that they move along with the Government in its endeavour to raise the standard of living of the teeming millions of the country to mobilise all resources for the welfare of the people and to march proudly in the comity of nations. I am sure the Opposition leaders will, in fact, contribute to this endeavour.

श्री भजन लाल : उपसभाध्यक्ष महोदय, सदन में बहुत ही अहम मसले पर आज चर्चा हुई। यह एक ऐसा विषय है कि इस विषय पर बहुत से मित्रों ने बहुत अच्छी बातें कही हैं और कुछ मित्रों ने बहुत ही ग्लीभूनो और जैसे कोई तकलीफ हो गई हो ऐसा विचार यहां पर रखे। अच्छा तो यह होता कि सारा सदन इस योजना का, इस स्कीम का स्वागत करता। क्योंकि आप जानते हैं कि आज देश में अगर कोई सब से बड़ी समस्या है तो वह गरीबी की है और गरीब आदमी को रोजगार देने की है। प्रधान मंत्री जी ने इस बात को महसूस किया। देश में गरीबी दूर करने के जो प्रोग्राम थे उन प्रोग्रामों पर बहुत काम हुआ लेकिन फिर भी गरीबी दूर नहीं हुई। महोदय बीच में एक टाइम ऐसा आता है देहातों में, गांवों में, जब फसल कट जाती है तो गरीब आदमियों को काम नहीं मिलता है और वे बेकार बैठे रहते हैं और उन्हें बड़ी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस बात को लेकर प्रधानमंत्री जी ने गहराई से सोचा और वे इसकी गहराई में गये और गहराई में जाने के बाद यह योजना बनाई। कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि एन आर ई पी और आर एल जी पी स्कीम से स्टेटो को पैसा मिलता था और अब यह पैसा स्टेटों को न मिलकर सीधा पंचायतों को मिलेगा। सीधा पंचायतों को क्यों पैसा मिल रहा है, स्टेट गवर्नमेंट को क्यों नहीं मिल रहा है। यह तकलीफ उनको वाकई सही है। सही इसलिये है कि इस पैसे का बड़ा भारी मिसयूज कुछ स्टेट करती थी। यहां तक, उपसभाध्यक्ष महोदय मैं बताऊं कि कुछ स्टेटों ने इसका नाम एन आर ई पी और आर० एल जी पी जो था वह बदल दिया। खास करके आंध्र प्रदेश में इसका नाम ग्रामीण विकासम सुधारम योजना रख दिया। ... (**व्यवधान**) .. आप जरा सुनने की कृपा करें। बीच में मत बोलिये आप सुनने की कृपा करें। मैं आपको रिकार्ड से बता सकता हूं। सदन में जब कोई बात कही जाती है तो वह बड़ी जिम्मेदारी के साथ कही जाती है। हम आपको रिकार्ड से साबित करेंगे।

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी (आन्ध्र प्रदेश) : उनको मतलब समझिये। ... (**व्यवधान**)

श्री भजन लाल : मैं समझ रहा हूं। आपका मतलब मैं समझ रहा हूं। उन्होंने अपना तेलुगु देशम...

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : तेलुगु जरा सीखें बोलने से पहले।

श्री भजन लाल : उन्होंने इसका नाम बदलकर सारा अपने हिसाब उसका नाम रख दिया और यही नहीं, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि जो पैसा हम देते थे, गांवों में गरीब आदमियों पर खर्च करने के लिये, देहात में जो पैसा खर्च होना चाहिये, गरीब लोगों की भलाई के लिए, ये क्यों कहते हैं कि सीधे क्यों देते हो पंचायतो को क्योंकि जो पैसा हम देते थे तो इनका जो ओवर ड्राफ्ट होता था उसमें वे उसको जमा कर लेते थे, उसको कवर करने के लिये और यही नहीं वजेज और मीन्स जो इनका है उसमें भी ये उस पैसे को खर्च करते थे। ... (**व्यवधान**) ... मैं साबित करूंगा। मेरे से बात करना। ... (**व्यवधान**) .... मनी की बात कर रहा हूं। यह जो हम आपको देते थे उस मनी का इस्तेमाल आप स्टेट के घाटे को पूरा करने के लिये करते थे। यही नहीं, यहां तक कि हमारे पास इन्क्वायरी की रिपोर्ट है. . . (**व्यवधान**) ... स्टेटों में जो पैसा गांवों में खर्च करना था... (**व्यवधान**) ... जो नीचे के लोग

[श्री भजन लाल]

हैं उनके लिये जो पैसा इस्तेमाल होना चाहिये था, देहात में पैसा खर्च करने की स्कीम होती थी उसमें से कुछ शहर की स्कीमों पर खर्च कर दिया शहरों के लिये भी बहुत सी स्कीमें हैं, शहरों में जो गरीबी है और जो वहां पर गरीब लोग हैं उनकी हालत भी सुधारी जानी चाहिये, उनके लिये भी हम स्कीम बनाते हैं और इसके लिये अलग से प्रावधान है अलग से स्कीमे है। लेकिन जो पैसा सिर्फ देहात के लिये है, हमारे नोटिस में आया है कि यह पैसा देहात में खर्चा न करके आंध्र सरकार ने शहर में पार्क बनाने पर खर्च कर दिया । यह इंक्वायरी रिपोर्ट में है :

प्रो. सी. लक्ष्मन्ना : कौन सी रिपोर्ट में है ?

श्री भजन लाल : लक्ष्मन्ना जी, आपको शक होगा लेकिन हम जो आप से कह रहे हैं हाऊस में रिकार्ड मे कह रहे हैं। मैं हाऊस में जो बात कह रहा हू वह रिकार्ड पर है **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): The Minister is speaking with responsibility. (Interruptions).

श्री भजन लाल : मैं जिम्मेदारी से कहता हूं **(व्यवधान)** मैं कोई हवा में बात नहीं कर रहा हुं । अगर वो गलत साबित करेंगे तो मैं इसका जवाब दूंगा । पार्कों पर खर्च कर रखा है, यह इन्क्वायरी में साबित हुआ है **(व्यवधान)** फिर कहते है राज्यों का पैसा ज्यादा खर्च होता था । कोई मामूली बात नही है जहां पहले 900 करोड़ रुपया भारत सरकार का था, चार सो करोड़ रुपया स्टेट गवर्नमेंटस का था यानी 1300 करोड़ रूपया खर्च होता था। अब क्या होगा ? अब एन०आर०ई०पी०, आर०एल०ई०जी०पी० को मर्ज किया और उसमें पांच सो करोड़ रुपया और शामिल कर के 2100 करोड़ रुपया तो अकेली भारत सरकार का होगा और 405 करोड़ रूपया स्टेटों का होगा । इस प्रकार से लगभग 2500 करोड़ रुपया इस स्कीम के तहत खर्च होगा । मेरा कहने का मतलब यह है कि इससे गरीबों को रोजगार मिलेगा जिससे गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की जिनकी हालत ठीक नहीं है उनकी हालत में सुधार हो सकेगा । एक बात इन्होंने कह दी कि साल में 365 दिन होते हैं और 50 दिन कहीं पर काम मिलेगा बड़ी मुश्किल से । उपसभाध्यक्ष महोदय 365 दिन में से पांच-छः महीने तो ऐसे होते हैं जो गांवों में काम मिलता है दो ढाई महीने खरीफ की फसल में और दो ढाई महीने रबी की फसल में कटाई बोआई और लावणी के टाइम में काम मिलता है तो कुल मिला कर के 6 महीने लगभग काम मिलता है और 6 महीने उसको काम नहीं मिलता है । बीच के दिनों में उसको जो काम मिलेगा 100 से 150 दिन एक व्यक्ति को रोजगार मिलेगा उससे आप अन्दाजा लगा सकते है कि उससे कितना उसकी जीविका का साधन बनेगा हमेशा के लिए उसकी तकलीफ दूर हो जाएगी कि तुम्हारा एक सीधा साधन हो गया । गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले भाई को यह महसूस होगा और उसको रोजी-रोटी की कोई फिकर नहीं रहेगी । बड़ा भारी काम जवाहर रोजगार योजना के नीचे प्रधानमंत्री ने जो 28 अप्रैल को लोक सभा में घोषणा की है इसका बड़ा भारी स्वागत किया गया है पूरे मुल्क में । दूसरा इन्होंने कह दिया बड़ा भारी इलेक्शन स्टंट है, यह क्या गुब्बारा है, बड़ा भारी प्रचार है यह सब कुछ इलेक्शन के लिए सरकार कर रही है । यह इलेक्शन की बात है ? प्रधानमंत्री राजीव गांधी जिस दिन प्रधानमंत्री बने थे उसी दिन से ही उन्होंने इस बात का फैसला किया कि भारत की आत्मा का निवास गांवों में है ।

श्री ईश दत्त यादव : पहले क्यों लागू नहीं किया ?

श्री भजन लाल : लागू भी किया, जरा सुनिये । राष्ट्रपिता महात्मा गांधीने यह कहा था कि भारत की आत्मा का निवास गांवों में है और जब तक भारत की आत्मा को हम शक्ति नहीं देंगे और शक्ति का विकेन्द्रीकरण नहीं करेंगे तब तक सही मायनों में गांधी जी का जो सपना था वह साकार नहीं हो सकेगा । जिस स्वराज की कल्पना उन्होंने

की थी वह सही माइनों में स्वराज हासिल नहीं हो सकेगा । उसी कल्पना को ले कर कर उनके स्वप्न को ले कर पंडित जवाहर लाल जी नेहरू ने बहुत सी स्कीमें चलाई । कम्युनिटी डवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किये मुल्क में और भी बहुत सी स्कीमें चालू की । उसमें बहुत कुछ सुधार भी आया । उसके बाद इंदिरा जी ने गरीबी हटाने के लिए बहुत सी स्कीमें बनाई लेकिन फिर भी जितना होना चाहिये था उतना नहीं हो पाया । प्रधान मंत्री जी ने इस बात को महसूस किया, इसका सही हल क्या हो सकता है । किस तरह से यह सही पैसा लोगों के हाथ में पहुंच सकता है और कैसे इस पैसे का सही उपयोग हो सकता है, इसी बात को समझने के लिए राजीव गांधी जी ने पिछले 4 सालों में इस देश के कई इलाकों में जाकर चाहे वह कोई झोंपड़ी है, चाहे पहाड़ी इलाका है, चाहे कोई रेगिस्तानी इलाका है चाहे कोई टीला है, या कोई मैदानी इलाका है, चाहे कोई बाढ़ का एरिया है, सूखे का एरिया है, कोई जगह नहीं छोड़ी, जहां वे नहीं गये, कोई ऐसा गुरबत का इलाका हो, झोंपड़ों में बसने वाले भाई हों, हर जगह जाकर उन्होंने गरीब लोगों से बात की और महसूस किया कि इनकी हालत सुधारनी है और इनकी हालत तब सुधर सकती है जब इनको शक्ति दी जाये और शक्ति कैसे दी जा सकती है । शक्ति को डंडे से नहीं दिया जा सकता । शक्ति देने के लिए, साधन देने पड़ते हैं । साधन देने के लिए प्रधान मंत्री जी ने बाकायदा नयी पंचायत प्रणाली बनाने का फैसला किया और एक एक चुने हुए नुमाइंदे से इस बात के लिए बातचीत की और बातचीत करके फैसला किया कि यह शक्ति इनके हाथ में दी जाये । ग्रामीण विकास का काम, गरीब लोगों का का गरीब लोगों के उद्धार का काम, हम उन्हीं लोगों के हाथ में दें जो गांवों में सकता हैं, जो जानते हैं कि गरीब भाई की क्या समस्या है, क्या तकलीफ है और इसका कैसे समाधान हो सकता है । जब गांवों में आदमी बैठकर काम करते हैं और पैसा उनके पास जाता है तो फिर उस पैसे का इस्तेमाल भी ठीक होता है और सही टाइम पर पैसा पहुंचता है, बीच में रुकावट या गड़बड़ी होने का सवाल पैदा नहीं होता है । इसलिए हमने फैसला किया कि पैसा सीधे जिला परिषद के द्वारा पंचायतों को दिया जाये । 80 परसेंट पैसा सीधे गांवों में जायेगा पंचायतों के जरियों ताकि वहां पर जो गरीब लोग है उनको काम दिया जा सकेगे । फिर पूछेगे कि काम किस प्रकार का दिया जायगा । इसमें उपसभाध्यक्ष जी, जो भी गरीब आदमी हैं और आप जानते हैं कि देश में 22 करोड़ 70 लाख आदमी गरीब हैं... (व्यवधान)...

श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी (उत्तर प्रदेश) : सिर्फ ।

श्री भजन लाल : गरीबी रेखा से नीचे वाले ।

श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी : सिर्फ ?

श्री भजन लाल : 22 करोड़ बहुत हैं । सिर्फ नहीं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप सुनिये ।

श्री भजन लाल : आप जानते हैं और भी ज्यादा थे और हमारी सातवीं पंचवर्षीय योजना तक हमारा यह प्रोग्राम था कि इसको घटाकर 28% तक ले आयें और अगली आठवां योजना में सिर्फ 10 परसेंट रह जायें ऐसी हमारा योजना है । इसी बात को लेकर इस स्कीम का आयोजन किया गया । पंडित जवाहर लाल जी नेहरू की जन्म शताब्दी है, आप जानते हैं । हम सौवीं वर्षगांठ मना रहे हैं । कितनी तड़प थी उनके दिल और दिमाग में, कितनी लगन थी गरीबों को दूर करने की इसी बात को लेकर जवाहर रोजगार योजना शुरु की गयी है इस देश में ताकि कोई आदमी भूखा न सोय । इसी बात को लेकर इस योजना का शुभारंभ किया गया है और पूरी ताकत गांवों के लोगों के हाथ में दी जा रही है ताकि पैसे का इस्तेमाल ठीक हो और ठीक लोगों को रोजगार मिल सके ।

यहां पर कुछ और मुद्दे उठाये गये हैं । सुकोमल सेन जी ने कह दिया कि यह इलेक्शन स्टंट है । उसके बारे में मैंने आपको बता दिया । फिर कह दिया कि कितने लोगों को रोजगार मिलेगा । मैंने कहा कि 100 से 150 दिन के बीच प्रति व्यक्ति को रोजगार मिलेगा । मैंने अभी आपको बताया कि इसमें एक सौ करोड़ श्रम दिन होंगे । इस तरह से बहुत से हमारे साथियों ने, आपने भी, प्रतिमा सिंह जी ने भी इन सारी स्कीमों की बहुत तारीफ की । एक बात इन्होंने कही,

जैसा मैंने अभी पहले इसके बारे में बताया, कि यह पैसा कब मिलता था, अब क्या होगा... (व्यवधान) अब सीधा पंचायतों के द्वारा खर्च होगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप स्कीम के बारे में कुछ जिक्र कर रहे थे।

श्री भजन लाल : मैं आपको बताऊंगा। बाकी ठाकुर साहब बोल रहे थे, शर्मा जी भी सबने इस स्कीम की तारीफ की, सपोर्ट किया, मैं उनका धन्यवाद करता हूं। राम अवधेश सिंह जी ने कहा कि यह पैसा ठीक खर्च होगा कि नहीं, जैसा कि प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि पैसा ठीक खर्च नहीं होता है। इसी बात को लेकर यह स्कीम बनायी गयी है ताकि यह पैसा ठीक तरह से खर्च हो सके और इसकी पूरी चेकिंग हो सके। यही नहीं इसके साथ साथ...

श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी : देवीलाल ने भत्ता दिया, आपने क्यों नहीं दिया?

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप नहीं सुनिये।

श्री भजन लाल : आप जब देवीलाल की बात करेंगे तो और मुश्किल हो जायेगी। टाइम ज्यादा लग जायेगा।

श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी : इनको हरियाणा के बारे में तो बहुत जानकारी है।

श्री भजन लाल : उनका इतिहास बहुत लम्बा है, उसमें बहुत ज्यादा टाइम लगेगा।

अब मिश्र जी ने कहा कि प्रोग्रेस कुछ नहीं हुई है। अब इस मुल्क की प्रोग्रेस को भी यह कुछ नहीं मानेंगे तो और किसको मानेंगे। बाकी देशों में बहुत ज्यादा प्रोग्रेस हुई है, बड़ा उत्पादन हुआ है। बाकी देशों का मुकाबला जब आप हिंदुस्तान से करेंगे, तब आपको पता लगेगा कि उस हिंदुस्तान में जहां सूई भी नहीं बनती थी, उस मुल्क में आज हवाई-जहाज और रेल के इंजन बनते हैं। जिस मुल्क में खाने के लिए पेट भरने के लिए अनाज नहीं था, वह आज बाहर भेजने के लायक है, इतनी आबादी बढ़ने के बावजूद भी।

अगर हमारे देश के लोग भी यह बात कहें कि देश ने कुछ नहीं किया, तो देश की प्रतिष्ठा उससे कम होती है और आप जानते हैं कि जिस तरह का प्रजातंत्र आज हमारे मुल्क में है, ऐसा कहीं देखने को मिलेगा आपको?

श्री दीपेन घोष (पश्चिमी बंगाल) देवी लाल ने तो आपका समर्थन कर दिया... (व्यवधान)

श्री भजन लाल : किसको?

श्री दीपेन घोष : पंचायत को।

श्री भजन लाल : पंचायत को (व्यवधान) जितनी ताकत दी है... (व्यवधान) मिश्र जी ने कहा कि कई जगह पंचायत के चुनाव दस-दस साल नहीं होते, तथा पैसे का बड़ा मिसयूज हो जाएगा।

मैं बताना चाहता हूं कि इस बात को लेकर एक्ट बनने जा रहा है, संविधान में संशोधन होने जा रहा है। जब सोमवार को बिल पेश होगा, तब आप महसूस करेंगे कि कितना शानदार बिल इस मुल्क के इतिहास में पहली बार बनने जा रहा है। उसमें बाकायदा प्रावधान किया गया है कि पांच साल के अंदर चुनाव होगा हर पंचायत का जैसा लोक सभा का होता है... (व्यवधान)

श्री चतुरानन मिश्र : चुनाव होता है या पैसा जाएगा।

श्री भजन लाल : ऐसा है कि जिस पंचायत की अवधि पांच साल की पूरी होगी, वहां चुनाव हर हालत में होगा, पर जिसकी पांच साल की अवधि पूरी नहीं हुई है, वहां चुनाव कैसे होगा, टाईम पर होगा।

श्री चतुरानन मिश्र : पैसा तो दोनों को जाएगा।

श्री भजन लाल : पैसा तो जाएगा, अगर उसकी पांच साल की अवधि पूरी नहीं हुई है लेकिन उस पैसे का इस्तेमाल ठीक होगा। उस पैसे का इस्तेमाल ऐसा नहीं होगा, जैसे आपने कह दिया.....मैं कहूंगा तो फिर आप कहेंगे कि क्या कहते हैं।

पैसे का बाकायदा इनसाफ के तौर पर, कायदे-कानून से और जहां गरीबी ज्यादा है, उनको ज्यादा पैसा मिलेगा। मैं अभी बताऊंगा, मैं उस प्वाइंट पर आ रहा हूं। हम ऐसा नहीं करेंगे, आपकी तरह से कि काडर बेस पर पैसा खर्च करेंगे कि फलां काडर को देंगे, उन लोगों को देंगे, बाकी को नहीं दें। छांट-छांट कर कांग्रेस वालों को मत दो और फलां को दो, इसमें ऐसा नहीं किया

गया । इसमें सब को एक समान समझा गया है और सब को एक समान पैसा मिलेगा और जहां गरीबी की रेखा से नीचे लोग हैं, उनको ज्यादा पैसा मिलेगा । जैसा मैं आपको बताना चाहता हूं--इसमें कांग्रेस की सरकार का सवाल नहीं है, इसमें जहां गुरबत ज्यादा है और पश्चिम बंगाल को ही लें, बहुत ज्यादा पैसा पश्चिम बंगाल को मिलेगा, पहले से ज्यादा पैसा मिलेगा, असम तथा सिक्किम को भी ज्यादा मिलेगा जहां दूसरी पार्टी की सरकारें हैं । क्योंकि जहां गुरबत ज्यादा है, उसके हिसाब से बाकायदा हमने इसके पैसे का बंटवारा किया है, जो पिछड़े हुए इलाके हैं, गरीबी की रेखा से नीचे इलाके हैं, बाकायदा उनका हिसाब-किताब बनादिया है । वह मेरे पास है । उसके हिसाब से लोगों को पैसा मिलेगा ताकि कहीं भी कोई भाई यूं ना कहे कि फलां एरिया के साथ या फलां जगह या फलां राज्य के साथ किसी प्रकार का कोई भेद-भाव हो गया ।

इसी तरह से इन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में चुनाव भी नहीं होते । मैं आपको बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश गुजरात, राजस्थान मध्य प्रदेश, और उड़ीसा में बाकायदा कायदे टाइम पर वहां चुनाव हुए हैं कुछ जगह देरी भी हुई है ।

श्री चतुरानन मिश्र : बिहार में कब से चुनाव हो गये? ... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : नहीं हुआ है, वह भी बात सही है और हुआ है वह भी--दोनों बातें सही हैं ।

श्री भजन लाल : वह चालू है । उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात में चुनाव हुए हैं, मध्य प्रदेश में प्रक्रिया शुरू हुई हैं । ... **(व्यवधान)** ... बिहार में कुछ देरी हुई है ।

श्री चतुरानन मिश्र : कहां चुनाव की बात और अब कायदे-कानून की बात कह रहे हैं ।

श्री भजन लाल : बाकायदा उनकी मिनिमम वेजज के हिसाब से गरीब आदमियों को पैसा मिलेगा । अलग-अलग स्टेट्स का अलग-अलग मिनिमम वेजज बने हुए हैं और उसी मुताबिक उनको मजदूरी मिलेगी । इतनी शानदार योजना सारे मुल्क के लिए है, इसका बड़ा भारी स्वागत हुआ है ।

बल्कि सदन को चाहिए था कि इसका स्वागत किया जाता लेकिन इनको इस बात से बहुत ज्यादा दर्द हो गया कि इस योजना के आने के बाद समझते हैं तुम्हारे पास जवाब तो कुछ रहा नहीं इतना शानदार काम कर दिया प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी ने कि इनका बेस खत्म हो गया । इसलिए अपने डर से कि तुम लोगों में क्या कहोगे, बातें तो बहुत करते हैं, करने का कोई सवाल पैदा नहीं हो सकता इसलिए अपने डर से इस योजना की मुखालफत करते हैं । इस तरह से कभी पंचायत राज के लिए कहते हैं कि क्या ढकोसला है । कभी कहते हैं लोगों को ताकत क्यों देते हो लोगों की शक्ति लेकर आप बैठे हुए हैं और उस शक्ति को लोगों के हाथ में हम देना चाहते हैं तो उसकी मुखालफत करते हैं । इसलिए जब लोगों के बीच में ये जायेंगे तो लोग इनसे सारा हिसाब-किताब ले लेंगे । जब लोगों के बीच यह महानुभाव जायेंगे तो पता चलेगा इनकी हालत क्या है ।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं आपका धन्यवाद करते हुए, इस योजना का स्वागत करते हुए, अपना स्थान लेता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : मैं आपका भी आभार व्यक्त करता हूं कि आपने समय से कंट्राइब लिखा ।

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Agitation by all Bodo Students' Union for a Separate State in Assam and the Steps taken by Government in the Matter

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Now, Mr. Chitta Basu. Not here. Yes, Dr. Saikia.

DR. NAGEN SAIKIA (Assam): Sir, I beg to call the attention of the Minister of Home Affairs to the agitation by the All Bodo Students' Union for a separate State and the steps taken by Government in the matter.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): Sir, the demand for a Sepe-